दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



वॉर के लिए.... | मौलिकता

वर्ष : 10 | अंक : 363 | लखनऊ, 16 दिसम्बर, सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है : सीएम योगी

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सोमवार से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी दलों से सहयोग मांगा और कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। उत्तर प्रदेश में सोमवार से शीतकालीन सत्र की कार्यवाही शुरू होगी। दोनों सदनों - विधानसभा और विधान परिषद का सत्र 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक प्रस्तावित है जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-2025 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतीकरण हो सकता है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में हुई बैठक में आदित्यनाथ ने कहा, सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। हम सभी जनप्रतिनिधि हैं, हमें जनता के मुद्दों, उनकी समस्याओं को लेकर सदन में सुचारू रूप से चर्चा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा।

आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक में कहा, सदन सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। इससे ही प्रदेश के विकास कार्यों को रफ्तार मिलती है। साथ ही समस्याओं का समाधान होता है। सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो, सभी को इसका ध्यान रखना चाहिये। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन को ज्यादा से ज्यादा समय तक संचालित किया जाए, इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए सभी दलों के नेताओं को भी प्रयास करने चाहिए। इस अवसर पर वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, निर्बल शोषित हमारा आम दल (निषाद) के अध्यक्ष और राज्य सरकार के मत्स्य मंत्री संजय निषाद, कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना व जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के नेता रघुराज प्रताप सिंह समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

## सच बोलने वालों को महाभियोग की धमकी दी जाती है : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव के खिलाफ महाभियोग नोटिस देने के लिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो कोई भी सच बोलता है उसे इस तरह धमकाया जाता है। यहां वर्ल्ड हिंदू इकॉनोमिक फोरम 2024 को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर दोहरे मापदंड अपनाने का भी आरोप लगाया। विपक्ष पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, जो कोई भी सच बोलता है, ये लोग उस पर महाभियोग (प्रस्ताव) के साथ दबाव डालते हैं, और फिर भी वे संविधान की बात करते हैं। उनके दोहरे मापदंड देखें।

मुख्यमंत्री ने कहा, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने कहा कि समान नागरिक संहिता होनी चाहिए, और दुनिया भर में बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं का सम्मान किया जाता है। उन्होंने पूछा कि अगर कोई व्यक्ति इन विचारों को व्यक्त करता है तो उसका क्या अपराध है। आदित्यनाथ ने कहा, क्या देश में समान नागरिक संहिता नहीं होनी चाहिए? दुनिया भर में व्यवस्था उसी के अनुसार चलती है जो बहुसंख्यक समुदाय कहता है और भारत कह रहा है कि बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदाय के बीच भेदभाव समाप्त होना चाहिए। वे (कांग्रेस) दबाव बनाएंगे, क्योंकि संविधान का गला घोंटकर देश की व्यवस्था को नियंत्रित करना उनकी पुरानी आदत है।

## उत्तर प्रदेश: ट्रैक्टर से बांधकर गोवंशीय पशुओं के शवों को खींचने के लिए दो लोगों के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में गोवंशीय पशुओं के शवों को ट्रैक्टर के पीछे बांधकर उन्हें कथित रूप से खींचते हुए ले जाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने ग्राम प्रधान के बेटे सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हिंदू महासभा के नेताओं की लिखित शिकायत पर यह कार्रवाई की गयी। गजरौला थाना के प्रभारी निरीक्षक जगदीप मलिक ने बताया कि इस मामले में पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक मनोज कुमार यादव को सौंप दी गई है। मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो का मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने बताया कि गोवंशीय पशुओं के शवों को सम्मानजनक तरीके से दफनाया जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। हिंदू महासभा संगठन के पदाधिकारियों के मुताबिक, वायरल



वीडियो देवीपुरा गोशाला से जुड़ा है, जिसमें देवीपुरा गोशाला के संचालक जमुना प्रसाद और ग्राम प्रधान छोटे लाल के बेटे शेर सिंह दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में चार गोवंशीय पशुओं को रस्सी से बांधकर ट्रैक्टर से कथित तौर पर खींचकर ले जाते हुए देखा जा सकता है।

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 23.c |
| न्यूनतम तापमान | 7.c |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,526.14 |
| निफटी | 24,641.80 |

## भारत स्वतंत्र, समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध: सेना प्रमुख

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नयी दिल्ली।सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को क्षेत्रीय स्थिरता और स्वतंत्र, खुले एवं समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। सेना प्रमुख ने जापान में आयोजित थल सेना शिखर सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। शिखर सम्मेलन में जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, फिलीपीन और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों के सेना प्रमुख और वरिष्ठ जनरल ने भाग लिया। अपने संबोधन में जनरल द्विवेदी ने हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सुरक्षा और रणनीतिक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित किया और बहुराष्ट्रीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और स्वतंत्र, खुले एवं समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए इसके प्रयास को भी रेखांकित किया। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की सैन्य गतिविधियां बढ़ने को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच उन्होंने यह टिप्पणी की।

## विहिप कार्यक्रम में टिप्पणी: उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के समक्ष पेश हो सकते हैं न्यायमूर्ति शेखर यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक समारोह में कथित तौर पर विवादास्पद बयान देने वाले न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव इस विवाद पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए जल्द ही उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के समक्ष पेश हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर को बयानों से जुड़ी खबरों का संज्ञान लेते हुए पूरे मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से एक रिपोर्ट तलब की थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव द्वारा दिए गए भाषण को लेकर समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लिया है। इस बारे में विवरण और ब्योरा उच्च न्यायालय से तलब किया गया है और यह मामला विचाराधीन है। स्थापित प्रथाओं के अनुसार, जिस न्यायाधीश के खिलाफ किसी विवादास्पद मुद्दे पर शीर्ष अदालत कॉलेजियम द्वारा संबंधित उच्च न्यायालय से रिपोर्ट मांगी जाती है, उसे भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के नेतृत्व वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के समक्ष अपना पक्ष रखने का एक अवसर दिया जाता है।



शीर्ष अदालत के सूत्रों ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को स्थापित प्रथाओं के अनुसार उपस्थित होने और अपना पक्ष रखने के लिए कहा जा सकता है। न्यायमूर्ति यादव ने आठ दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में कहा था कि समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है। वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय में विहिप के कानूनी प्रकोष्ठ और उच्च न्यायालय इकाई के एक प्रांतीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। बहुमत के अनुसार काम करने वाले कानून सहित विभिन्न मुद्दों पर न्यायमूर्ति यादव के वीडियो एक दिन बाद व्यापक रूप से प्रसारित हो गये। इस पर विपक्षी दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और उन्होंने न्यायाधीश के कथित बयानों पर सवाल उठाए तथा इसे घृणास्पद भाषण करार दिया। वकील एवं एक गैर सरकारी संगठन केंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स के संयोजक प्रशांत भूषण ने मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना को एक पत्र लिखकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आचरण की आंतरिक जांच की मांग की।

### संक्षिप्त समाचार

## मायावती ने दलों से एक देश एक चुनाव विधेयक का समर्थन करने का आग्रह किया

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि उन्हें आरक्षण पर नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि जब कांग्रेस नीत संप्रग सत्ता में था, तब उन्होंने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) को पदोन्नति में आरक्षण देने वाले विधेयक का विरोध करने के लिए सांठगांठ की थी। मायावती ने एक देश-एक चुनाव का समर्थन करते हुए कहा कि इससे खर्च कम होगा और जनहित के कार्य ज्यादा नहीं रुकेंगे। उन्होंने अन्य दलों से भी इसका समर्थन करने का आग्रह किया। मायावती ने मांग की कि एससी, एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए ताकि इससे किसी भी तरह की छेड़छाड़ को रोका जा सके। नौवीं अनुसूची में सूचीबद्ध केंद्रीय और राज्य कानून न्यायिक समीक्षा से मुक्त हैं। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार संसद में संविधान पर हुई चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष की तरफ से, खासकर, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने देश के एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के आरक्षण को लेकर काफी कुछ हवा-हवाई बातें कहीं हैं, जिसमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा, यदि इस मुद्दे पर ये दोनों पार्टियां (कांग्रेस-सपा) संसद में चुप ही रहती तो ज्यादा उचित होता, क्योंकि केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार के समय मेंइसी पार्टी (कांग्रेस) की मिलीभगत से सपा ने एससी, एसटी वर्गों के पदोन्नति में आरक्षण से संबंधित संवैधानिक संशोधन विधेयक का काफी विरोध किया था।

## पराली जलाने के लिए व्यवस्थित समाधान की आवश्यकता: उपराष्ट्रपति धनखड़

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने शनिवार को पराली जलाने से निपटने के लिए एक व्यवस्थित समाधान की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ह्यहमारी लापरवाही लोगों के जीवन को खतरे में डालती है।

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी हर साल पराली जलाने से उत्पन्न खतरनाक पर्यावरणीय परिस्थितियों से पीड़ित होती है। उन्होंने कहा कि समाज को नवाचार को अपनाना चाहिए और इसे व्यक्तियों पर छोड़ने के बजाय एक व्यवस्थित समाधान की तलाश करनी चाहिए। धनखड़ ने कहा, तंत्र को परिपक्व होना चाहिए... हमारी लापरवाही हमें कई तरह से खतरे में डाल रही है। एक तो हमारा स्वास्थ्य। दूसरा, काम के घंटों का नुकसान। तीसरा, सामान्य जीवन में व्यवधान और चौथा, हमें अपने बच्चों का ख्याल रखना होगा। उन्होंने पराली जलाने के लिए एक व्यवस्थित समाधान खोजने का आह्वान किया और कहा कि इसे व्यक्तियों पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन जैसी खतरनाक समस्या सामाजिक बाधाओं को मिटा देती है। अमीर या गरीब, शहरी या ग्रामीण। हमें एक साथ काम करना चाहिए, या हम एक साथ नष्ट हो जाएंगे। लोकाचार और पारंपरिक ज्ञान का उल्लेख करते हुए धनखड़ ने कहा, हमारा सभ्यतागत ज्ञान एक विरासत है, और मैं कहूंगा कि एक तरह से इस जलवायु आपातकाल के लिए उत्तरजीविता मैनुअल, विश्वकोश है। हमारे पास हजारों वर्षों के सभ्यतागत लोकाचार, हमारे वेद, पुराण, हमारे महाकाव्य महाभारत, रामायण और गीता का ज्ञान है। यदि हम उस सोने की खान को देखें, तो हमें वास्तविक प्रेरणा मिलती है कि संरक्षण हमेशा एक महत्वपूर्ण कारक रहा है, जीवन का एक पहलू रहा है।

## बंगाल के छात्रों का सिविल सेवा परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन, वे फिर नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे: ममता

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**कोलकाता,** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले सिंचन स्निग्धा अधिकारी और बिल्टू माजी को शनिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने पर उनकी सरकार ने जोर दिया है, जिसका परिणाम सामने आ रहा है। बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के छात्र सिविल सेवा परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और वे भारतीय नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे।

बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुझे खुशी है कि इस साल यूपीएससी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा में बंगाल के दो अभ्यर्थियों ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया है। मैं दो सफल विजेताओं - सिंचन और बिल्टू को बधाई देती हूं। मैं यह भी देखती हूं कि अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने पर हमारा जोर ठोस परिणाम दे रहा है। उन्होंने कहा, हमारे छात्र आईएएस और आईपीएस परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य सरकार का सत्येंद्रनाथ टैगोर सिविल सेवा अध्ययन केंद्र पहले से ही युवा और महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र है, जो इन परीक्षाओं के लिए अत्यधिक सब्सिडी वाली उच्चस्तरीय मदद चाहते हैं। वे फिर से भारतीय नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे। भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा के नतीजे शुक्रवार को घोषित किए गए। सिंचन और माजी ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल किया।

## 'नेहरू विकास मॉडल' हमारी राजनीति और नौकरशाही में व्याप्त है : जयशंकर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि 'नेहरू विकास मॉडल' से अनिवार्य रूप से 'नेहरू विदेश नीति' पैदा होती है और ''हम विदेशों में इसे सुधारना चाहते हैं, ठीक उसी तरह जैसे घरेलू स्तर पर इस मॉडल के परिणामों को सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं।''

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की पुस्तक 'द नेहरू डेवलपमेंट मॉडल' के विमोचन अवसर पर ऑनलाइन संबोधन में जयशंकर ने यह भी कहा कि लेखक का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विकल्पों ने भारत को एक ''नियतिवादी मार्ग'' पर मोड़ दिया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''यह मॉडल और इसके साथ जुड़ा विमर्श हमारी राजनीति, नौकरशाही, निश्चित रूप से नियोजन प्रणाली, न्यायपालिका, मीडिया सहित सार्वजनिक क्षेत्र और सबसे बढ़कर शिक्षण में व्याप्त है।'' जयशंकर ने कहा कि आज रूस और चीन दोनों ही उस अवधि की आर्थिक मान्यताओं को ''स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं'', जिसका प्रचार करने में उन्होंने किसी और से ज्यादा काम किया, फिर भी, ये मान्यताएं आज भी देश के प्रभावशाली वर्गों में ''जीवित'' दिखाई देती हैं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से 2014 के बाद, इसमें सुधार की दिशा में जोरदार प्रयास हुए हैं, लेकिन लेखक अच्छे कारणों से यह दावा करता है कि यह अभी भी एक कठिन कार्य है।

## आम आदमी पार्टी की आखिरी सूची जारी, केजरीवाल-सिसोदिया ने भाजपा पर साधा निशाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी चौथी और आखिरी सूची जारी कर दी है। आप की इस सूची में 38 उम्मीदवारों के नाम हैं। सूची के मुताबिक, दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल अपने वर्तमान निर्वाचन क्षेत्र नई दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली की वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी से और मंत्री सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश से चुनाव लड़ने वाले हैं। केजरीवाल, आतिशी और भारद्वाज के अलावा मंत्री गोपाल राय बाबरपुर से, सत्येन्द्र कुमार जैन शकूर बस्ती से, दुर्गेश पाठक राजिंदर नगर से, रमेश पहलवान कस्तूरबा नगर से, नांगलोई जट से रघुविंदर शौकीन, सदर बाजार से सोम दत्त, बल्लीमारान से इमरान हुसैन, तिलक नगर से जरनैल सिंह चुनाव लड़ेंगे।




### केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आप द्वारा जारी की गयी अंतिम सूची पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पार्टी पूरे आत्मविश्वास और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है। इसी के साथ उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'बीजेपी गायब है। उनके पास ना CM चेहरा है, ना टीम है, ना प्लानिंग है और ना दिल्ली के लिए कोई विजन है। उनका केवल एक ही नारा है, केवल एक ही नीति है और केवल एक ही मिशन है- केजरीवाल हटाओ। उनसे पूछो 5 साल क्या किया, तो वो जवाब देते हैं- केजरीवाल को खूब गाली दी।' केजरीवाल ने अपनी पार्टी के कामों का जिक्र करते हुए कहा, 'हमारी पार्टी के पास दिल्ली वालों के विकास के लिए विजन है, प्लान है और उसे लागू करने के लिए पढ़े लिखे लोगों की एक अच्छी टीम है। पिछले दस सालों में किए कामों की लंबी लिस्ट है।' आज आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी पूरे आत्मविश्वास और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है।

### मनीष सीसोदिया की प्रतिक्रिया

मनीष सिसोदिया ने एक्स हैंडल पर लिखा, 'दिल्ली की सभी 70 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही, आम आदमी पार्टी ने चुनाव में पूरी ताकत से कदम रख दिया है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम जनता के बीच जा रहे हैं, यह मांगने कि हमें 5 और साल दिए जाएं ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, और पानी पर हुए अच्छे कामों को और आगे बढ़ा सकें।' भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'दूसरी ओर, बीजेपी अब भी भ्रमित है। न उनके पास कोई मुद्दा है, न कोई नेता, और न ही दिल्लीवालों के लिए कोई उम्मीद। केजरीवाल ही उम्मीद हैं, और केजरीवाल ही भरोसा हैं। दिल्ली का विकास और उज्ज्वल भविष्य केवल केजरीवाल जी के साथ ही संभव है।'

## टप्पेबाज ने महिला सिपाही का एटीएम कार्ड बदल कर एक लाख रुपये किया पार, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर-लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में एक टप्पेबाज ने बंथरा थाने में तैनात महिला सिपाही का एटीएम कार्ड बदल लिया और एक लाख रुपये पार कर दिये। जानकारी होने पर महिला सिपाही ने सरोजनीनगर थाने में अज्ञात टप्पेबाज के खिलाफ तहरीर दी है। पीड़ित महिला सिपाही की तहरीर पर स्थानीय पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर टप्पेबाज का सुराग लगा रही है। बंथरा थाने में तैनात महिला सिपाही बिट्टन सिंह ने सरोजनीनगर पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि बैंक आफ बड़ौदा में उनका बचत खाता है। वह बीते बुधवार को बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से पैसा निकालने गई थी। इसी दौरान एक टप्पेबाज ने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और उसने बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से एक लाख रुपये निकाल लिए। पीडित महिला सिपाही की तहरीर पर स्थानीय पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## बंथरा में शव दफनाने को लेकर विवाद, पुलिस ने संभाली स्थिति

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। बंथरा के नीवां गांव में रविवार सुबह शव दफनाने को लेकर विवाद हुआ। हंगामे की सूचना पर बंथरा के साथ बिजनौर और सरोजनीनगर कोतवाली से पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों को समझाते हुए राजस्व विभाग से जमीन की पैमाइश कराते हुए शव को ग्राम पंचायत की जमीन पर दफनाया। नीवां निवासी गोविंद (45) की शनिवार को बीमारी से मौत हुई थी। रविवार सुबह शव लेकर परिवार वाले बंजर भूमि पर पहुंचे। कब्र खोद कर शव दफनाया जा रहा था। तभी अनीता रावत साथियों संग आकर हंगामा करने लगी। विवाद की सूचना पर बंथरा इंस्पेक्टर राम सिंह पहुंचे। शव दफनाने को लेकर दो पक्षों के आमने-सामने आने की सूचना एसडीएम और नायब तहसीलदार विवेक सिंह को दी गई। जिसके बाद राजस्व निरीक्षिक पाटादीन और लेखपाल विनय शुक्ल ने जमीन की पैमाइश की। पता चला कि अनीता जिस जमीन पर हक जता रही है। वह ग्राम पंचायत की है। जिसके बाद पुलिस की मौजूदगी में शव को दफनाया गया।

## गर्म पानी भरे टब में गिरकर झुलसी मासूम की मौत

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। इलाके में गर्म पानी भरे टब में गिरकर झुलसी मासूम की तीन दिन बाद इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के रतौली खटोला निवासी मजदूर रविशंकर ने बताया कि गुरुवार को डेढ़ वर्षीय बेटी ईशानी घर में खेल रही थी। इस बीच वह खेलते हुए गर्म पानी भरे टब में गिर पड़ी। गर्म पानी से वह झुलस गई। रोने की आवाज सुनकर आनन- फानन में उसे टब से बाहर निकालकर ट्रामा सेंटर ले गए जहां इलाज के दौरान शनिवार को ईशानी ने दम तोड़ दिया।

## सरोजनीनगर फायर स्टेशन में बने मंदिर का जीर्णोद्धार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अग्निशमन कर्मियों ने सरोजनीनगर फायर स्टेशन में बने मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर राम दरबार की स्थापना कराई। रविवार को पूरे विधि विधान के साथ हवन पूजन हुआ। पूजन के बाद हुए भण्डारे में भगवान का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सीएफओ मंगेश कुमार, एफएसओ सुमित प्रताप सिंह, अनिमेष सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, मुकेश कुमार सिंह, राजेश कुमार, राम बहादुर सिंह, बृजेश यादव, राम गोपाल यादव आदि कर्मचारी शामिल रहे।

# पत्नी ने प्रेमी और बहनोई के साथ मिलकर पति को उतारा मौत के घाट, आरोपित गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अनैतिक संबंध में बाधा बने पति की प्रेमी से कराई थी पत्नी ने हत्या. पत्नी ने साजिश के तहत फोन कर पति को मायके बुलाया था। ससुराल पहुंचने के बाद मैकेनिक को साढ़ू और पत्नी के प्रेमी ने पहले शराब पिलाई फिर कुएं में धकेल कर मौत के घाट उतार दिया था। 26 नवंबर को सुबह ग्रामीणों ने कुएं में शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी थी। मृतक के पिता और भाई उसे खोज रहे थे। पांच दिसंबर को मैकेनिक के छोटे भाई ने वीडियो के आधार पर शव की पहचान की थी। इसके बाद 13 दिसंबर को मुकदमा दर्ज किया गया। रविवार को पुलिस ने हत्या करने के आरोप में मृतक की पत्नी, और उसके प्रेमी, सास और साढ़ू को गिरफ्तार कर लिया। प्रेमी



पुलिस की गिरफ्त में चार आरोपी - फोटो

से मिलने में पति बन रहा था बाधा। पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज चांद सराय निवासी मैकेनिक प्रेम कुमार 25 नवंबर को कानपुर जनपद जाने की बात कह कर घर से निकला था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। मोबाइल भी स्विच ऑफ था। रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि प्रेम कुमार को पत्नी खुशबू ने फोन कर ससुराल बुलाया था। प्रेम को उसका साढ़ू बुद्धिलाल और पत्नी का प्रेमी सुशील यादव शराब ठेके पर ले गए। साजिश के तहत प्रेम को अधिक शराब पिलाई गई। नशा हावी होते देख सुशील और बुद्धिलाल ने बिजली मैकेनिक प्रेम को कुएं में धकेल कर उसको मौत के घाट उतार दिया।

### शव मिलने के बाद ससुराली जन बने रहे अनजान

मृतक प्रेम के पिता रविंद्र ने बताया कि प्रेम के वापस नहीं आने पर बहू खुशबू को फोन किया था। पर, उसने प्रेम के बारे में जानकारी नहीं दी। 26 नवंबर को शव मिलने के बाद भी खुशबू और उसके परिवार ने नहीं बताया। पांच दिसंबर को प्रेम के छोटे भाई को एक वीडियो मिला। जिसके बाद प्रेम की मौत होने का पता चला। छानबीन करने पर जानकारी मिली कि वह रहीमाबाद थाना क्षेत्र में स्थित ससुराल गया था। एसओ अनुभव सिंह ने 13 दिसंबर को प्रेम के पिता रविंद्र ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार को प्रेम की पत्नी खुशबू, उसके प्रेमी सुशील यादव, सास रामरानी और साढ़ू बुद्धिलाल को गिफ्तार किया गया।

### करोड़ों की सम्पत्ति के विवाद में हुई थी युवक की हत्या

पुलिस के मुताबिक मृतक प्रेम कुमार के पिता के पास गोसाईगंज में जमीन है। जिसकी कीमत मौजूदा वक्त में करोड़ों में है। इस जमीन पर खुशबू और उसकी मां रामरानी की नजर थी। दोनों लोग प्रेम पर दबाव डाल रहे थे कि परिवार से अलग होकर सम्पत्ति अपने नाम करा ले। इसके लिए प्रेम तैयार नहीं था। इस बीच उसे पत्नी के अनैतिक संबंधों का भी पता चल गया था। इसके बाद पत्नी ने हत्या की साजिश रच पति प्रेम को मौत के घाट उतार दिया था।

## नगर निगम की हाइड्रोलिक क्रेन के गिरने से हेल्फर की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित बल्दीखेड़ा मोड के पास रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे कूड़ा उठाने वाली एक हाइड्रोलिक क्रेन में गड़बड़ी हो जाने से क्रेन को ठीक करते समय हाइड्रोलिक हेल्फर के ऊपर गिर पड़ा जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया जिसे राहगीरों की मदद से पुलिस ने नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मूल रूप से आसाम का रहने वाला रियाजुल 23 पुत्र कितान कृष्णा नगर के ओसो नगर में झोपड़पट्टी में रहकर नगर निगम जोन पांच मे कूड़ा उठाने वाली गाड़ी पर हेल्फर के रूप में काम करता था। रविवार सुबह नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली हाइड्रोलिक क्रेन गाड़ी लेकर जा रहा था क्रेन के आगे लगा हाइड्रोलिक मशीन सड़क पर कुछ खराबी आ गई थी जिसे वह बल्दीखेड़ा रोड पर आई खराबी को ठीक करने लगा उस दौरान वह क्रेन के लीवर से हाइड्रोलिक मशीन को ऊपर उठा तार को जोड़ने के लिए हाइड्रोलिक मशीन के नीचे काम ही कर रहा था कि अचानक से हाइड्रोलिक मशीन उसपर गिर पड़ी। जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया जिसे राहगीरों की सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने इलाज के लिए राहगीरों की मदद इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अज्ञात स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार घायल, अपोलो अस्पताल में चल रहा इलाज, हालत गंभीर




अमन लेखनी समाचार

लखनऊ थाना आशियाना चौकी बंगला बाजार क्षेत्र के सरपोटगंज के पास बाइक से जा रहे युवक को अज्ञात स्कॉर्पियो ने मारी जोरदार टक्कर मौके से भाग निकला कार सवार घायल युवक को राहगीरों की मदद से पहुंचाया गया लोकबंधु अस्पताल हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने अपोलो अस्पताल किया रेफर। सिर में गहरी चोट आने के। कारण युवक अभी कोमा में है 4 घंटे चले परेशान के बाद भी युवक की हालत नाजुक बनी है। युवक अनंतराम सिंह उर्फ टीटू सिंह निवासी 554/109 छोटा बरहा जोकि कानपुर कोर्ट में कार्यरत हैं। चार बजके तीस मिनट के आसपास अपने बहनोई डॉक्टर राकेश से मिलने बल्दी खेड़ा तेलीबाग गए थे वापस आते समय सरपोटगंज के पास तेज गति से आ रही अज्ञात स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार कर मौके से भागने में कामयाब हो गई राहगीरों ने डायल 112 को दी सूचना जबतक मौक पर पहुंची पुलिस तबतक राहगीरों ने घायल युवक को लोकबंधु अस्पताल पहुंचा दिया था।मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक राजू सिंह यादव ने टीटू सिंह की बाइक को ई रिक्शा से थाने पहुंचाया ।आशियाना पुलिस ने बताया कि टीटू सिंह की पत्नी ने प्रार्थना पत्र देकर करवाई कि मांग की है।आशियाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी है।

# चौधरी चरण सिंह के विचारों को जन - जन तक पहुंचाने का कार्य करें कार्यकर्ता - अनिल दुबे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने रालोद पदाधिकारियों व कार्यकताओं से भारत रत्न स्व चौधरी चरण सिंह के विचारों को रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने का आहवान करते हुए कहा है कि से चौधरी साहब के जन्मदिवस 23 दिसम्बर तक उनके अनुयायियों को रालोद से जोड़ने का अभियान शुरू किया गया है इस अभियान में बड़ी संख्या में से चौधरी साहब के अनुयाई रालोद से जुड़ेंगे।

श्री दुबे आज लखनऊ उत्तर विधानसभा के फैजुल्लागंज में रालोद के सदस्यता ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे ।इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सत्य प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में सैकड़ों साथियों अधिवक्ताओं महिलाओं को रालोद की सदस्यता ग्रहण कराई।



उन्होंने देश में आंदोलन कर रहे किसानों की मांगो को जायज ठहराते हुए कहा है कि सरकार किसानो से बातचीत करके उनकी मांगो का समाधान निकाले। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है, किसान अपनी जायज मांगों के लिए आंदोलन कर रहे हैं और सरकार को उनकी जायज सभी मांगें मान लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के समय किसानो से हुई वार्ता में किसानो की मांगे मानने का आश्वाशन दिया गया था जिसे अब पूरा करने का वक़्त आ गया है। श्री दुबे ने आगे कहा उत्तर प्रदेश में ३ नवंबर से चीनी मीलों का संचालन शुरू है लेकिन अभी तक गन्ना किसानो का समर्थन मूल्य घोषित नहीं किया गया है जिसकी वजह से किसान क्रेशर और कोल्हू पर औने पौने दामों पर गन्ने को बेचने को मजबूर हैं। हमारी मांग है की राज्य सरकार किसानो की बढ़ी हुई लागत को देखते हुए गन्ने का समर्थन मूल्य 400 रुपए प्रति क्विंटल घोषित करे।

श्री दुबे ने कहा कि किसान हितैषी बनने का दावा करने वाली कांग्रेस का इतिहास ही किसान विरोधी रहा है और वो आज भी किसानो का हितैषी बनने का दावा कर रहे हैं, कांग्रेस को किसानो के मुद्दे पर बोलने से पहले अपने पुराने पन्ने खंगालने चाहिए। उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश में माननीय योगी जी एवं माननीय जयंत चौधरी जी के नेतृत्व में किसानो की स्थिति सुधारने के प्रयास लगातार जारी हैं। किसानो को फसलों का समर्थन मूल्य बढाकर दिया जा रहा है, फसल बीमा का स्वरुप बदल कर उसका दायरा भी बढ़ाया गया है और पहली बार किसी सरकार ने किसान निधि के जरिये किसानों को सम्मान दिया है। श्री दुबे ने देश एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं की जमकर सराहना की और कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष श्री जयंत चौधरी जी अपने कौशल विकाश मंत्रालय द्वारा नौजवानो, किसानो, श्रमिकों और बुनकरों की उन्नति के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं एवं शिक्षा स्तर को बेहतर बनाने के लिए नवोदय एवं केंद्रीय विद्यालयों की लगातार स्थापना कर रहे हैं। श्री दुबे ने बताया कि स्किल इंडिया डिजिटल हब ने 1 करोड़ से अधिक पंजीकरण के साथ मील का पत्थर हासिल किया है। सदस्यता ग्रहण समारोह का संचालन व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने किया तथा समारोह को प्रदेश महासचिव रजनी कांत मिश्रा प्रदेश सचिव अफसर अली मयंक त्रिवेदी ने संबोधित किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में एडवोकेट रवि शंकर मिश्रा, एडवोकेट लाल जी वर्मा, अनिल शुक्ला विजय जायसवाल ,श्याम बिहारी राय, अमरीश श्रीवास्तव, कुलदीप तिवारी, रीता सिंह, नीलम पांडे, रूबी गुप्ता ,सुधा शर्मा, अनीता तिवारी एडवोकेट सीमा तिवारी, कुसुम रस्तोगी आदि प्रमुख रहे।

# पग चिन्हों के पीछे चल रही टीम, अभी तक खोज नहीं पाई

## पगचिह्न मिले पर कैमरे में नहीं कैद हुआ बाघ

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रविवार को वन विभाग टीम बाघ खोजती रही, लेकिन बाघ के नए पगचिह्न जंगल से करीब साढ़े तीन किमी दूर मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हाफिज खेड़ा के खेतों में बेहता नाला के किनारे मिले।

खेत गए किसान ने बाघ को देखने का दावा किया है। वहीं के निवासी किसान मूलचंद के मुताबिक रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बेहता नाला के किनारे खेत पर गया था। वहां बाग में टहल रहे बाघ को देखकर भाग निकला।

ग्रामीणों को खेत में बाघ के पगचिह्न मिले हैं जो बेहता नाला के किनारे जा रहे थे। बाघ बेहता नाला को पार कर कटौली गांव की तरफ निकल गया। लखनऊ डीएफओ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि ड्रोन ऑपरेटर ने थर्मल ड्रोन कैमरे से क्षेत्र की निगरानी की। साथ ही चार कैमरे टीम ने लगाए हैं। जंगल मे रविवार को बाघ की हलचल नही रही। रात में इंफ्रारेड कैमरे से पगचिह्न मिलने वाले क्षेत्रों में निगरानी की जाएगी। अभी तक कैमरे में बाघ कैद नही हुआ है।

### डब्लूटीआई टीम पहुंची, थर्मल ड्रोन कैमरे से निगरानी की

रविवार को बाघ पकड़ने के एक्सपर्ट की डब्लूटीआई टीम रहमान खेड़ा के जंगलों में पहुंची। दो सदस्यीय टीम ने संस्थान में पहुंच कर अभी तक वन विभाग द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन को देखा और वन कर्मियों से अब तक चलाये जा रहे ऑपरेशन के बारे में पूछताछ की। साथ संस्थान में बने पगचिह्न व अन्य गतिविधियों को भी देखा।

### वन विभाग ने पोस्टर लगाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

क्षेत्रीय वन रेंजर सोनम दीक्षित और डिप्टी रेंजर राजीव गौतम सहित वन विभाग ने आसपास के प्रभावित इलाकों मंडौली, मीठेनगर, हबीबपुर, हाफिज खेडा , रहमान खेड़ा, दुगौली, साहिलामऊ, सन्यासीबाग सहित अन्य आसपास गांव में लाउडस्पीकर और पोस्टर से ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। पोस्टर में वन विभाग की क्षेत्रीय टीम के मोबाइल नंबर और हिंसक जानवर से बचाव करने के तीन बिंदु भी लिखें गए हैं।

### अफसरों के नंबर बांट मांगी जा रही मदद

अवध वन विभाग गांव-गांव में बैनर लगाकर एक तरफ लोगों को सावधान व सतर्क कर रहा है तो दूसरी तरह उन्हें सलाह भी दी जा रही है कि सूर्योदय से पूर्व व सूर्यास्त के बाद घरों से बाहर न निकलें। उनका इलाका वन जीव बाहुल्य क्षेत्र है। इसके अलावा कई अफसरों के नंबर भी दिए गए है ताकि जरूरत पड़ने और किसी भी खतरे की स्थिति आने पर वह दिए गए नंबरों से संपर्क कर अवध वन विभाग के अफसरों को सूचना दे सकते हैं।

### नाकाबंदी कर इंट्री बैन कर दी गई

काकोरी के रहमान खेड़ा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के फार्म की पूरी तरह से नाकाबंदी कर दी गई है। वहां केवल वन विभाग व पुलिस के अफसरों को ही इंट्री दी जा रही है। इसके अलावा स्थानीय कर्मचारी, मजदूरी और वहां आने वाले सभी लोगों को गेट के बाद से अंदर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। गेट पर सुरक्षा व्यवस्था को भी बढ़ा दिया गया है। वहीं, रहमान खेड़ा से जुड़े आस-पास के गांव में रहने वाले लोगों को भी संपर्क कर उन्हें ग्रुप में काम काज के लिए निकले के लिए कहा जा रहा है।

## जल निकासी की समस्या से परेशान ग्रामीण

**(खंड विकास अधिकारी से भी कई बार शिकायत कर चुके ग्रामीण, नहीं हुई कोई सुनवाई)**

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज ।विकासखंड गोसाईगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत जौखंडी में जल निकास की समस्या से लगभग एक दर्जन ग्रामीण प्रभावित हैं, स्थानीय निवासी अध्यापक ब्रजसेन सिंह ने बताया की उचित जल निकास की व्यवस्था न होने के कारण घरों से निकलने वाला दूषित पानी जगह-जगह पर इकट्ठा होता है तथा आने जाने वालों के लिए मुसीबत बना हुआ है, अधिक जल भराव हो जाने के कारण दूषित जल खड़ंजे के ऊपर से भी बेहकर निकलता है, जिस कारण विद्यालय जाने वाले बच्चे तथा स्थानीय निवासी काफी कठिनाइयों का सामना करते हैं। पीड़ित सूरज बाबू, भोला यादव, रामस्वरूप, लवकुश यादव, त्रिभुवन दास, मुरली, अवधेश कुमार, रघुनंदन ड्राइवर, का कहना है कि जल निकासी की समस्या के बारे में कई बार ग्राम प्रधान तथा पंचायत सचिव को अवगत कराया गया है, इसके साथ ही खंड विकास अधिकारी कार्यालय में जल निकासी की समस्या के संबंध में कई बार शिकायत की गई है, परंतु जल निकासी की समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है, वही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जहां पर कार्य करने की आवश्यकता है वहां पर कार्य न करके जहां पर पिछले साल कार्य किया गया था वहीं पर फिर से इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है।

### क्या बोले जिम्मेदार

हालांकि जब पंचायत सचिव से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि मार्च तक जल निकासी की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा , वहीं ग्रामीणों की शिकायत पर पिछले साल किए हुए खड़ंजे के निर्माण के ऊपर इंटर लॉकिंग लगाने का मामला सामने आया है, जो की सरकारी धन का दुरुपयोग है, इंटरलॉकिंग के कार्य को रुकवा दिया गया है।

## किताब खरीदने जा रहे छात्र की बाइक अचानक फिसली एक की मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शनिवार की देर शाम अपने एक साथी के साथ किताब खरीदने जा रहे छात्र की बाइक अचानक फिसल गई। जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। इस सड़क हादसे में छात्र व उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस दोनों घायलों को इलाज के लिए बाराबिरवा स्थित लोकबंधु अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सको ने बाइक चालक छात्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के आजाद नगर में रहने वाले ऑटो चालक राजेश यादव का बेटा अमित यादव (18) सरोजनी नगर स्थित सेंट मीरा इण्टर कालेज में 12वीं का छात्र था। पुलिस के मुताबिक वह अपने साथी निर्मल कुमार के साथ शनिवार की देर शाम बाइक से गौरी बाजार स्थित एक बुक डिपो पर किताब खरीदने जा रहा था। इसी दौरान कानपुर रोड स्थित स्कूटर इंडिया चौराहे के पास उसकी बाइक फिसल गई। जिससे वह बाइक सहित गिर गया। इस सड़क हादसे में अमित व निर्मल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए बाराबिरवा स्थित लोकबंधु अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सकों ने अमित को मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे में अमित के दम तोड़ने की खबर उसके घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। अमित के भाई अतुल व पिता राजेश यादव का जहां रो-रोकर बुरा हाल था वहीं उसकी मां संगीता बार-बार बेशुध हो जा रही थी।

### घटना का कारण बन रही सड़क किनारे पड़ी गिट्टी

पीएनसी कंपनी द्वारा सरोजनीनगर के गौरी बाजार में एलिवेटेड रोड का निर्माण कराया जा रहा है। व्यापारियों का आरोप है कि कंपनी द्वारा नाला निर्माण के लिए सड़क की खुदाई की जा रही है। जिससे निकलने वाली गिट्टी भारी संख्या में सड़क किनारे पड़ी है। जिससे दो पहिया वाहन चालक अक्सर फिसल कर गिर जाते है। व्यापारियों ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी पीएनसी कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी गिट्टी हटवाने का काम नहीं कर रहे है।

## सास जेठानी पर विधवा ने प्रताड़ना सहित जेठ देवर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक विधवा महिला ने अपनी सास जेठानी पर प्रताड़ना सहित जेठ देवर पर छेड़छाड़ का आरोप लगा नामजद पुलिस से लिखित शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित आजाद नगर निवासी गौसिया खान पत्नि स्वार्गी महताब आलम के अनुसार बीते 11 जनवरी 23 को उसके पति की मृत्यु हो गई थी। आरोप है कि उसके पति की मृत्यु उपरांत सास लाडो खातून जेठानी गजाला परवीन ने जहां एक तरफ उसे प्रताड़ित किया वहीं दूसरी तरफ उसके जेठ आफताब आलम तथा देवर सादाब आलम उसके साथ गाली गलौज मारपीट करने के साथ छेड़छाड़ करने लगे । वहीं पीड़िता का कहना था कि उसने घटना की जानकारी अपनी सास व जेठानी को दी तो उन लोगों ने उसके ससुराल वाले घर से निकल जाने की बात कहते हुए उसे दूसरी शादी करने की बात कहते हुए उसे ससुराल में रहने पर जान से मारने की धमकी दी है। जिसके चलते उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली पहुंच स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से अपनी सास जेठ जेठानी व देवर के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## ई रिक्शा पलटने से बैठे सवारी की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ . मानक नगर के पूरन नगर में रविवार सुबह अचानक से सड़क पर आये एक श्वान को बचाने के दौरान ई रिक्शा पलट गया जिससे पीछे बैठा बुजुर्ग सवारी चोटिल हो गयो राहगीरों की मदद से बुजुर्ग को इलाज के लोकबंधु अस्पताल भेजा गया जहाँ से डॉक्टरों ने ट्रामा के लिए रेफर कर दिया वहीं ट्रामा में इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गईं मानक नगर पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह के अनुसार मृतक बचोल (60) पुत्र स्व मैकू ग्राम गुड़वा हरौनी थाना बंथरा का रहने वाला था रविवार सुबह गांव से ही ई रिक्शे पर बैठ चारबाग की ओर जा रहा था , करीब 7:00 बजे ई रिक्शा अचानक से पूरन नगर ढाल के पास पलट गया था जिससे गिरकर बुजुर्ग चोटिल हो गए और ट्रामा में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी

## गरीब का घर नही बनने दे रहे है दबंग प्रापर्टी डीलर हाफिज अली

अमन लेखनी समाचार

त्रिवेदीगंजबाराबंकी। थाना लोनीकटरा क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी एक गरीब को दूसरी मंजिल पर घर बानने से एक प्रापर्टी डीलर ने रोक लगा दी है। प्रापर्टी डीलर जमीन पर अपना हक जता रहे है वही पीड़ित आवासीय पट्टे की जमीन पर निर्माण करने की बात कह रहा है। प्रार्थना-पत्र मिलने के बाद प्रभारी निरीक्षक लोनीकटरा मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मकनपुर गांव निवासी छेदालाल पुत्र छोटी निहायत गरीब व्यक्ति है। कमजोर असहाय देखते हुए बीते 16 वर्ष पूर्व ग्रामप्रधान ने छेदालाल को गांव के बाहर घर बनाने के लिए आवासीय पट्टा दिया। जिसके बाद से पीड़ित पट्टे की जमीन पर झोपड़ी बना कर रहने लगा। मेहनत मजदूरी करके कुछ दिनो बाद किसी तरह एक छोटा पक्का घर बना लिया, तब से लेकर आज तक अपने परिवार के साथ वही रहता चला आ रहा है। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र छेदालाल ने बताया कि परिवार बड़ा होने के चलते अब दूसरी मंजिल पर निर्माण हो रहा है। दीवारे बन चुकी है और छत ढालने के लिए शटरिंग लगाने का कार्य हो रहा है। पीड़ित ने बातया कि कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के अलीपुर मजरे चैबीसी गांव निवासी प्रापर्टी डीलर हाफिज अली जो घर के पीछे बैनामा लिखवाकर जमीन पर चहरदीवारी करवा लिया है। पीड़ित ने आगे बताया कि अब प्रापर्टी डीलर शटरिंग लगाने से मना कर रहे है। उनका कहना है कि यह भी जमीन मेरी है और इसका बतौर बैनामा लिखवाया है।

## संक्षेप

### हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

सुमेरपुर, उन्नाव। हैंडपंप में पानी भरने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षो में जमकर मारपीट हो गयी। मामला पुलिस की चौखट पर पहुँचने पर पुलिस ने शांति ब्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत चालान कर कार्यवाही की गई।थाना बिहार के गाँव मूरतपुर मजरे चैनपुर में हैंडपंप से पानी भरने को लेकर दो पक्षो में विवाद हो गया । विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षो में मारपीट हो गयी। गाँव के ही अनुराग पासी पुत्र स्वर्गीय संतोष कुमार पासी व अंजना पुत्र सुंदरलाल के मध्य नल से पानी भरने को लेकर जमकर मारपीट हो गयी।सूचना पर पहुँची पुलिस दोनों ही पक्षो को थाने ले आयी व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत रखते हुए 170/ 126 /135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत उप जिला अधिकारी बीघापुर तहसील पाटन के अंतर्गत चालान किया गया।

### धूमधाम से निकाली गई शक्ति कलश यात्रा

उन्नाव। क्षेत्र के एमलजी लॉन में 51 कुंडीय महायज्ञ के लिए भूमिपूजन किया था ।तथा धूमधाम से शक्ति कलश यात्रा निकाली गई। शक्ति कलश यात्रा मियागंज से होते हुए हसनगंज गाड़ियों से पहुंची ।हसनगंज में पैदल चलकर कलश यात्रा यज्ञ स्थल तक पहुंची ।इस दौरान हम सुधरेंगे जग सुधरेगा ।मादक पदार्थों से दूरी ,तथा सनातन धर्म की जयकार के नारे लगते रहे ।आयोजक मुकेश गुप्ता ने बताया कि 22 दिसंबर से महायज्ञ प्रारम्भ होगा ।सोमवार से हवन कुंड बनाए जाने का काम शुरू होगा ।इस अवसर पर खुन खुन सिंह,मिलन पाण्डेय,सर्वेश रावत, संजय सिंह,ओम रस्तोगी,अमित पांडेय,टिंकू शुक्ला, अखिलेश प्रताप ,मोहित दीक्षित सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

### खड़े कंटेनर में पीछे से घुसी कार, महिला की मौत

बांगरमऊ, उन्नाव। संडीला रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के निकट सड़क को घेरकर खड़े कंटेनर में पीछे से कार टकरा गई। घटना में बीमार महिला की मौत हो गई। जबकि दामाद, बेटी और पति घायल हो गए।जिन्हें उपचार के लिए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला के शव को परिजन बगैर पुलिस को सूचना देकर घर लेकर गए।जिसके बाद उसका अन्तिम संस्कार कर दिया। बता दें कि थाना बेहटामुजावर क्षेत्र के गांव मिट्ठूखेड़ा के रहने वाले रघुवीर की पत्नी केशरानी (62) के सीने में शुक्रवार की रात अचानक भीषण दर्द होने लगा। तभी बांगरमऊ के मोहल्ला कटरा के रहने वाले दामाद राकेश, पत्नी ममता के साथ कार से ससुराल पहुंचे।सास और ससुर को कार में बैठाकर बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जा रहे थे।संडीला रोड पर सड़क घेरकर पहले से खड़े डंपर में कार पीछे से घुस गई। घटना में केशरानी, राकेश, ममता और रघुवीर घायल हो गए। चारों को एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने केशरानी को मृत घोषित कर दिया और अन्य घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव घर लेकर चले गए। जिसके बाद शनिवार को गंगा तट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया। इस मामले में बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी राजेश पाठक ने बताया कि घटना के बारे में कोई जानकारी नही मिली है।

## वामा सारथी के बैनर तले हुआ कैरियर कार्यशाला का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी के बैनर तले, पुलिस अधीक्षक उन्नाव श्री दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में वृहद कैरियर कार्यशाला का आयोजन, पुलिस लाइन सभागार में हुआ। स्पोर्ट एंड फिजिकल एजुकेशन के क्षेत्र में भविष्य बनाने के लिए विशेषज्ञ पारुल कुमार ने बी पी एड, एन आई एस आदि कोर्सेज की जानकारी के साथ फुटबॉल, ताइक्वांडो आदि सहित कई खेलों में आसानी से कैरियर बनाने की राह दिखाई। पूर्व ब्लॉक डेवलपमेंट अफसर रामसनेही यादव ने अपनी क्षमता के अनुरू लक्ष्य निर्धारण के साथ तैयारी करते हुए वांछित कैरियर प्राप्त करने की सलाह दी। बैंक ऑफ इंडिया के सहायक प्रबंधक अंकुर दुबे ने स्नातक तृतीय वर्ष से ही अलग अलग बैंकों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी ऑनलाइन या ऑफ लाइन माध्यम से करने की सलाह देते हुए क्लेरिकल और पी ओ आदि बनने के तरीकों पर प्रकाश डाला। होमगार्ड कमांडेंट मनोज ने सिविल परीक्षाओं की तैयारी में 50000 बहुविकल्पी प्रश्नों की प्रैक्टिस और पिछले दस वर्षों के प्रश्नपत्रों को स्वयं उत्तर लिखने के अभ्यास के साथ देश की सबसे बड़ी परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बारे में बताया। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में व्यापक काउंसलिंग इंजीनियर अहमद मोहनीश ने की और सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का ख़्वाब पूरा करने के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। डॉ सबीहा उमर ने छात्राओं को सेक्सुअल एब्यूज के बारे में जागरूक करते हुए किसी भी अवांछित या अप्रिय घटना से बचने और सुरक्षित रहने की जानकारी दी। परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी संतोष कुमारी सिंह ने बच्चियों को गुड टच बैड टच के प्रति सजग करते हुए, कहीं भी बाहर जाने पर अपने परिजनों को सूचित रखने की सलाह दी ताकि किसी अप्रिय घटना की स्थिति में बच्चियों को सुरक्षा की दृष्टि से निरंतर जागरूक बनाया जा सके। कोरियोग्राफर मोहम्मद तौफीक ने डांस के बड़े बड़े टी वी शो में प्रतिभाग से इस क्षेत्र में कैरियर संवारने के बारे में बताया। परिवार कल्याण से संगीता वर्मा ने समन्वयन किया। परिवार परामर्श सलाहकार मंडल प्रभारी व लाइफ साइंस विशेषज्ञ डॉ आशीष श्रीवास्तव ने मेडिकल फील्ड में नीट परीक्षा, नर्सिंग, फामेर्सी, जूलॉजी, बॉटनी आदि विषयों पर व्यापक जानकारियां देकर बच्चों को भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण टिप्स दिए। रेड क्रॉस उप सभापति और प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ मनीष सिंह सेंगर ने बी बी ए, एम बी ए, एग्जेक्युटिव एम बी ए, पी जी डी एम आदि पाठ्यक्रमों के द्वारा सफल प्रबंधक बनने और कैट और मैट जैसे राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं को क्रैक करके बहु राष्ट्रीय कंपनियों में प्लेसमेंट प्राप्त करने की विस्तृत जानकारी दी। शिक्षक शिवेंद्र सिंह चौहान ने टी जी टी, पी जी टी, बी एड, बी एल एड आदि के माध्यम से प्रशिक्षित शिक्षक बनने की राह सुझाई। उपस्थित छात्र छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाओं को विशेषज्ञों के सामने रखते हुए सकारात्मक सलाह प्राप्त की। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने सभी विशेषज्ञों को पुष्प और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित करते हुए सभी के स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कैरियर कार्यशाला का बड़ा ही इंटरैक्टिव संचालन डॉ आशीष श्रीवस्तव और डॉ मनीष सिंह सेंगर ने किया। प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद ने सभी के प्रति आभार जताया।

## स्टेट बैंक परिसर में पुनरस्थापित हुयी हनुमान जी की प्रतिमा

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। नगर के स्टेट बैंक परिसर में बने मंदिर में लगी हनुमान जी की मूर्ति को गत दिनों अराजकतत्वों द्वारा तोड़ दी गयी थी जिसे आज पुनरस्थापित किया गया है नर सेवा - नारायण सेवा के संस्थापक व प्रखर हिन्दू वादी भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने बताया कि गत दिनों नगर के स्टेट बैंक परिसर में बने मंदिर में लगी हनुमान जी की मूर्ति को अराजकतत्वों द्वारा तोड़ दी गयी थी जिसकी सूचना पर मौके पर पहुँच कर उक्त घटना की सूचना पुलिस को दी गयी थी जिसकी जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गयी थी ,मूर्ति तोड़े जाने से स्थानीय हिन्दुओ में आक्रोश था उनकी आस्था व भावनाओ को देखते हुए आज सम्मानित नागरिको की उपस्थिति में हनुमान जी की नई मूर्ति पूरे विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर पुनः प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित कर दी गयी क पूजन आचार्य वासू द्वारा कराया गया विमल द्विवेदी ने कहा कि हिन्दुओ की आस्था को ठेश पहुंचने वाले अराजकतत्वों को माफ नहीं किया जाना चाहिए हिन्दू समाज आस्था खिलवाड़ बर्दास्त नहीं करेगा उन्होंने बिल्डिंग मालिक रूपम चौधरी व लवी गुप्ता जी का आभार व्यक्त करते हुए मूर्ति लगाने में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दियाइस अवसर पर,जिला सयोंजक अजय त्रिवेदी , डा.आशीष श्रीवास्तव ,सभासद प्रतिनिधि मनोज यादव ,हिमांशु दीक्षित ,वीरू निगम मनोज गुप्ता ,मनन गुप्ता ,संजय गुप्ता ,अरुण गुप्ता ,वर्षा ,शिल्पी ,अलोक गुप्ता ,मनीष निगम। मनीष सेंगर।,केतन अवस्थी ,परिमल मिश्रा ,राकेश राजपूत ,अभिषेक तिवारी ,मनीष अवस्थी ,विकास सेंगर ,व बैंक कर्मी सहित आधा सैकड़ा भक्त मौजू रहे

## रेलवे स्टेशन से वापस घर जा रहे युवक को डंफर ने मारी टक्टर, हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। अजगैज कोतवाली क्षेत्र के वीरू गढ़ी गांव का रहने वाला एक युवक अपने चचेरे भाई को छोड़ने उन्नाव रेलवे स्टेशन गया। वापस लौटते समय दोस्ती नगर चौकी के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।अजगैन के बीरूगढ़ी गांव निवासी गोवर्धन का 19 वर्षीय बेटा मिथलेश पिछले दो साल से मुंबई में रहकर सिलाई का काम करता था। एक माह पहले वह वापस घर लौटा और घर पर ही रहकर काम कर रहा था। शनिवार की रात वह अपने चचेरे भाई को उन्नाव रेलवे स्टेशन पर छोड़ने गया। वापस बाइक से घर लौट रहा था ।सदर कोतवाली क्षेत्र के दोस्ती नगर के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी पहचान कर परिजनों को दी। रविवार को मोर्चरी हॉउस पहुंचे परिजनों शिनाख्त की। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## लौह पुरुष के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। अपना दल एस द्वारा भारत रत्न से सम्मानित लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का परिनिर्वाण दिवस पर बांगरमऊ विधानसभा कैंप कार्यालय हरित लोक ढाबा निकट हरदोई रोड बांगरमऊ पर मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं कार्यवाहक जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी कार्यकताओं ने लौहपुरुष सरदार पटेल जी एवं अपना दल के संस्थापक बोधिसत्व यशकाई डॉ० सोनेलाल पटेल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरेश पटेल ने सरदार पटेल के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि देसी रियासतों के शासक राज्य को अपनी पैतृक संपत्ति समझते थे अंग्रेज भी भारत को स्वतंत्र करते समय उन्हें स्वतंत्र बने रहने की इजाजत दे गए थे। ऐसे सैकड़ो राजा भारत में थे जिनका एकीकरण पटेल जैसा दृढ़ नीति कुशल व्यक्तिव ही कर सकता था। इस असंभव दिखने वाले कार्य को संभव कर देने के कारण ही उन्हें लौह पुरुष कहा जाता है। अपने कुशल नेतृत्व से ही 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोया और अखंड शिल्पी कहलाए। एक साधारण किसान परिवार में जन्मे अपनी बुद्धिमत्ता से प्रधानमंत्री का पद त्याग कर देश के गृहमंत्री के रूप में विशेष कार्य किए। सेक्टर की बैठक भी साथ में की गई जिसमें जिला उपाध्यक्ष डा० राजेश पाल ने संगठन को गति देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष शैलेंद्र कटियार ने तथा संचालन विधानसभा अध्यक्ष विकास पटेल ने किया। मुख्य रूप से जोन अध्यक्ष विनोद कटियार, बंसीलाल अर्कवंशी, अमन शर्मा, अजीत कटियार, जगन्नाथ प्रजापति, विकास कटियार, दीपक पाल, दिलीप दिवाकर, सूरज बली गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

## 22 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन वामा सारथी की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 07 ,थाना सोहरामऊ से 06 व परिवार परामर्श केन्द्र से 05, थाना सफीपुर से 02, थाना बेहटा मुजावर तथा कोतवाली सदर 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में राम स्नेही यादव, सबिहा उमर, डॉ0 अवसार अली, डॉ0 सगीर अहमद, डॉ0 मनीष सेंगर, शिल्पी श्रीवास्तव एवं सहयोगी अंकित सिंह स्वास्तिक मिश्रा, शिवेन्द्र चौहान व पुलिस टीम से प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, महिला उप निरीक्षक भागीरथी, संगीता वर्मा, साधना, अंशु रानी, अंजुला त्रिपाठी, सेविका, पूजा शर्मा, सोनिया, प्रीति तोमर, लक्ष्मी, शकुलता, सोनी मिश्रा दुर्गेश, रेखा का विशेष योगदान रहा।

## पुलिया के नीचे बने गड्ढे में गिरी महिला, हालत गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती हाइवे पर स्थित त्रिभुवन खेड़ा पुलिया के गड्ढे से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

यह हादसा उस समय हुआ जब वह खेतों की ओर जा रही थी और पुलिया में गहरे गड्ढों के कारण गिर गई ।हादसे के बाद उसे गंभीर चोटें आईं, और उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

पहले उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर बताया है ।घटना उस समय घटी जब 18 वर्षीय नेहा अपने गांव त्रिभुवन खेड़ा से खेतों की ओर पैदल जा रही थी। पुलिया में बने गड्ढों के कारण वह अचानक गिर पड़ी और करीब तीस फिट नीचे सड़क पर गिर गई। आसपास के लोग उसकी चीख-पुकार सुनकर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और उसे पुलिया के नीचे से निकालकर सड़क पर लाए ।इसके बाद, उसे प्राथमिक उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है ।नेहा की मां ने बताया कि उसके बेटी के दोनों हाथ टूट गए हैं और सिर पर भी गंभीर चोटें आई हैं।

उन्हें उम्मीद है कि बेटी जल्दी ठीक हो जाए, लेकिन गड्ढों के कारण हुए इस हादसे से वे काफी परेशान हैं। उन्होंने सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस दुर्घटना को लेकर लोगों ने एनएचएआई (नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया) की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। त्रिभुवन खेड़ा पुलिया पर बने गड्ढे काफी गहरे और खतरनाक हैं, जो किसी भी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

गड्ढों के बावजूद अब तक इन्हें ठीक नहीं किया गया है, जिससे स्थानीय लोग खासे नाराज हैं ।इससे पहले भी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ-कानपुर नेशनल हाईवे पर गड्ढों को लेकर सवाल उठाए थे और कहा था कि यह हाईवे बेहद खतरनाक बन चुका है, जिसे कमर तोड़ हाईवे कहा जा सकता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पुलिया में काफी समय से गड्ढे पड़े हैं और यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन गड्ढों को जल्दी ठीक नहीं किया गया तो और भी हादसे हो सकते हैं, जिससे और लोगों की जान जा सकती है।

## अज्ञात डंफर ने महिला को मारी टक्टर मौत

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ईटकुटी गांव की रहने वाली एक महिला अपने घर से दवा लेने के लिए जा रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात डंपर ने उसे रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव रखकर मार्ग जाम कर हंगामा किया। परिजनों के हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।ईटकुटी गांव के रहने वाले कमलेश की पत्नी सुमन (35) अपने मायके थाना माखी क्षेत्र के दिलबाग से अपने भाई के साथ दवा लेने जा रही थी। अभी वह ऋषि कुल विद्यापीठ स्कूल के पास पहुंची थी कि एक तेज रफ्तार डंपर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। मौके से वाहन चालक वाहन समेत भागने में सफल रहा ।भाई ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने महिला के शव को सड़क पर रखकर हंगामा किया। अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने परिजनों से घटना की जानकारी हासिल की और परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन पोस्टमार्टम की कार्रवाई को राजी हुए। इंस्पेक्टर ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बस में झोला रखने को लेकर बस के सवारियों से हुआ विवाद

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। साहिल बस स्टैंड के पास एक रोडवेज बस में झोला रखने को लेकर सवारियों के बीच विवाद विवाद हो गया बात इतनी बढ़ गई कि बस में जमकर लात-घूंसे चल गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और मामला शांत कराया ।बस में सफर कर रहे दो यात्रियों के बीच झोला रखने को लेकर कहासुनी शुरू हुई। एक यात्री ने झोले को सही जगह रखने पर जोर दिया, जबकि दूसरे ने उसे अपनी जगह के पास रखने की जिद की। विवाद बढ़ता गया और हाथापाई में बदल गया। अन्य यात्रियों ने बीच-बचाव की कोशिश की लेकिन मारपीट थमने का नाम नहीं ले रही थी ।घटना की सूचना मिलते ही बांगरमऊ पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। दोनों से पूछताछ कर उन्हें चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसा कोई विवाद न हो। पुलिस ने लिखित समझौता भी कराया और दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की ।इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में यात्री एक-दूसरे से मारपीट करते नजर आ रहे हैं, जबकि कुछ लोग उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे हैं। बस में मौजूद अन्य यात्री इस घटना से डरे और घबरा गए ।घटना के वायरल वीडियो ने लोगों का ध्यान खींचा और सोशल मीडिया पर इस पर तीखी प्रतिक्रियाएं भी आईं। स्थानीय पुलिस ने कहा कि वे स्थिति को गंभीरता से ले रहे हैं और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्क रहेंगे।

## शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। रविवार को शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु परियर गंगातट, शुक्लागंज के घाटों पर आस्था की डुबकी लगाकर पूजा अर्चना की। इसी तरह नानामऊ घाट पर भी स्नान किया गया। बक्सर घाट में भी स्नान के लिए लोगों की भीड़ रही ।उन्नाव के चलकवंशी के पास स्थित परियर ब्रह्मावर्त गंगा तट पर श्रद्धालुओं ने ब्रम्हमुहूर्त से ही गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की और मौके पर मौजूद तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। बाबा बलखण्डेश्वर महादेव मंदिर व जानकी कुंड आश्रम में मंदिरों में जलाभिषेक कर परिवार की मंगल कामना की ।शुक्लागंज में भी आज शुक्ल पक्ष पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान कर श्रद्धालुओं ने दूध, धृत, शहद, अक्षत, रोली, चंदन, पुष्प, सुगंध, धूप, दीप व नैवेद्य आदि समर्पित कर पतित-पावनी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया व उनसे सुख और समृद्धि की कामना की। मिश्रा कालोनी घाट, गंगा बिशुन घाट, शिव बाबा घाट, आनंद घाट, पुल के नीचे बने घाट व चंदन घाट पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही ।भोर पहर से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान प्रारंभ कर दिया था। श्रद्धालुओं ने गंगा के घाटों व तटों पर भगवान सत्य नारायन की कथा सुनी व प्रसाद बांटा। आचार्य सृजध्वज ने बताया कि पुर्णिमा पर गंगा स्नान का बड़ा महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करने व दान करने से कोटि-कोटि जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं ।महिलाओं व युवतियों ने घाट किनारे सजी दुकानों में खरीदारी की इसके बाद दुकानों में घूम-घूम कर खाने का लुत्फ उठाया। चिमटी, बिंदी की सजी दुकानों में महिलाओं व युवतियों ने एक से एक आइटम खरीदे।

## खनन का निरीक्षण करने पहुंचे लेखपाल के साथ दबंगो ने की गाली गलौज

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र में मिट्टी खनन का निरीक्षण करने पहुंचे लेखपाल के साथ के साथ तीन युवकों ने साथियों के साथ मिलकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। दस्तावेज भी छीनने का भी प्रयास किया। पीड़ित लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष के साथ मिलकर पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद सहित 10 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। बता दें कि बांगरमऊ तहसील में तैनात लेखपाल बृजेश कुमार ने बेहटामुजावर थाने में तहरीर दी। बताया कि उनकी तैनाती गांव अरगूपुर क्षेत्र में है। गुरुवार शाम करीब तीन बजे ग्रामसभा अरगूपुर की सार्वजनिक संपत्ति नाले के गाटा पर एक्सप्रेसवे के लिए मिट्टी खनन किया जा रहा था। लेखपाल का आरोप है कि इसी दौरान गांव के राहुल, भाई कृष्णा उर्फ छोटू, साथी नृपेंद्र सहित अन्य साथियों के साथ आया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित लेखपाल ने बताया कि आरोपियों ने सरकारी अभिलेखों भी छीनने और फाड़ने का प्रयास किया। इस मामले में बेहटा मुजावर थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ग्रामीणों ने खैरीघाट पुलिस के विरुद्ध किया प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी

**अमन लेखनी समाचार**



शिवपुर, बहराइच। जिले के थाना खैरीघाट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया के दर्जनों ग्रामीणों ने खैरीघाट पुलिस के विरोध में प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी किया है। ग्रामीणों का कहना है कि जलील पुत्र बेचन निवासी एडुकहा दाखिला पिपरिया थाना खैरीघाट पर मँहगूपुरवा गांव निवासी दबंग दिनेश पुत्र साधु के द्वारा मनगढ़ंत एक्सीडेंट का आरोप दिखाकर जो प्रथम सूचना रिपोर्ट 885 दर्ज कराई गई है वह बिल्कुल मनगढ़ंत निराधार व बेबुनियाद है। दरअसल दबंग दिनेश का उसी के परिजन दुर्गेश पुत्र लच्क्षीराम आदि का जमीनी विवाद अरसे से चकबंदी विभाग मे विचाराधीन है। जिसमे दिनेश के विपक्ष से जलील बतौर गवाह है और जलील की गवाही से विचाराधीन भूमि शायद दिनेश के हाथ से निकल जाएगी। इसी डर से दबंग दिनेश ने कई बार गवाह जलील पर विभिन्न तरीके से अपना शिकंजा कसा है कि यह मेरे विपक्ष मे गवाह न दे। इसी के दृष्टि से अब दिनेश द्वारा निराधार आरोप बताकर गरीब जलील पर एक्सीडेंट का अभियोग दर्ज कराया गया है। इसी से नाराज ग्रामीणों अवधेश बाबा, नान्हू, मुनेजर, बबलू सिंह, पतिराम, हजारी, रामानंद, राजू, सतीश, मोंगरे, जाफर अली, विनोद, समयदीन, रामकुमार आदि ने खैरीघाट पुलिस के विरुद्ध आज जमकर नारेबाजी की है।

ग्रामीणों का कहना है कि बेकसूर को मात्र फसाने व डराने की साजिश है। यदि खैरिघाट पुलिस इस रिपोर्ट को निरस्त नहीं करती है तो हम लोग पुलिस अधीक्षक बहराइच के यहां जाकर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। वहीं सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष खैरीघाट ने बताया है कि जाँच होगी।

## सम्पादकीय

# उपासना स्थल कानून का सभी करें सम्मान

उपासना स्थलों से संबंधित मामले पर सुनवाई या कोई आदेश पारित न करने की हिदायत अदालतों को देकर सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक विवादों पर विराम लगा दिया है। हाल के दिनों में अनेक उपासना स्थलों से जुड़े मामले के कोर्ट पहुंचने के बाद से सांप्रदायिक सदभाव को धक्का लगने की आशंका बढ़ गई है। शीर्ष अदालत ने देश की सभी अदालतों को धार्मिक स्थलों, विशेषकर मस्जिदों और दरगाहों पर दावा करने संबंधी नए मुकदमों पर विचार करने और लंबित मामलों में कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करने से अगले आदेश तक रोक दिया। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट कहा कि क्योंकि मामला शीर्ष अदालत में विचाराधीन है, इसलिए पीठ समझती है कि अगले आदेश तक कोई नया मुकदमा दर्ज न किया जाए। उच्चतम न्यायालय के इस निर्देश से विभिन्न हिंदू पक्षों द्वारा दायर लगभग 18 मुकदमों में कार्यवाही पर रोक लग गई है। इन मुकदमों में वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद और संभल में शाही जामा मस्जिद समेत 10 मस्जिदों की मूल धार्मिक प्रकृति का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण का अनुरोध किया गया है। वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा वर्ष 2020 में दायर मुख्य याचिका में उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती दी है। कहा गया है कि उपासना स्थल कानून संविधान के धर्मनिरपेक्षता और बराबरी जैसे मूल सिद्धांतों के खिलाफ है, इस कानून से हिंदुओं को अधिक नुकसान पहुंचता है। इस याचिका का विरोध करते हुए जमियत उलेमा-ए-हिंद, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया और कई एक्टिविस्ट्स ने भी अपनी याचिकाएं दाखिल की थीं। जब देश में अयोध्या विवादित ढांचा को लेकर आंदोलन अपने चरम पर था, तो 18 सितंबर 1991 को केंद्र की तत्कालीन पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने उपासना स्थल क़ानून संसद से पारित कराया था। उपासना स्थल क़ानून कहता है कि भारत में 15 अगस्त 1947 को जो धार्मिक स्थल जिस स्वरूप में था, उसकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता है। इस क़ानून के सेक्शन 3 में वर्णित है कि इस कानून के तहत, कोई भी व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल या किसी समुदाय के पूजास्थल के स्वरूप को बदलने की कोशिश नहीं कर सकता। सेक्शन 4 (2) में लिखा है कि अगर किसी धार्मिक स्थल के स्वरूप में बदलाव को लेकर कोई केस, अपील, या अन्य कार्रवाई 15 अगस्त 1947 के बाद किसी कोर्ट, ट्रिब्यूनल, या प्राधिकरण में लंबित है, तो वह केस रद कर दिया जाएगा। ऐसे किसी मामले में दोबारा केस या अपील दायर नहीं की जा सकती। इस कानून में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को शामिल नहीं किया गया था, क्योंकि यह मामला आज़ादी से पहले ही अदालत में लंबित था। पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने ज्ञानवापी मामले की सुनवाई के दौरान मई 2022 में अहम मौखिक टिप्पणी में कहा था कि प्लेसेस ऑफ़ वर्शिप एक्ट 1991 (उपासना स्थल क़ानून) 15 अगस्त 1947 की स्थिति के अनुसार, किसी भी संरचना के धार्मिक चरित्र की जांच करने पर रोक नहीं लगाता है। इसके बाद से ऐसे मामले अदालतों में बढ़ने लगे। दरअसल, उपासना स्थल विवाद को बढ़ावा देना बर्र के छत्ते में कंकड़ मारने जैसा है। उपासना स्थल विवाद खत्म होने चाहिए, सुप्रीम कोर्ट ने नए आदेश पर रोक लगाकर उपासना स्थल विवादों पर फिलहाल विराम लगाने की कोशिश की है। नए आदेश आने तक सभी को उपासना स्थल कानून का सम्मान करना चाहिए।



विशेष
विष्णुदेव साय

अंत्योदय' के लक्ष्य के साथ हमारी सरकार ने अपने पंचवर्षीय कार्यकाल का एक वर्ष पूरा कर लिया। यह सब आपके सहयोग और विश्वास के बूते संभव हो सका। पहले लोकसभा और हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव की हमारी जीत ने इस विश्वास पर मुहर लगाई है कि छत्तीसगढ़ सरकार पर जनता का भरोसा बना हुआ है। गर्व से भरी खुशी यह भी है कि एक राज्य के तौर पर छत्तीसगढ़ ने अपनी स्थापना के 24 वर्ष पूरे कर लिए हैं। प्रदेश की जनता जनार्दन का कोटि–कोटि अभिनंदन..! हम सब मिलकर धान का कटोरा कहे जाने वाले अपने राज्य छत्तीसगढ़ को धन–धान्य से परिपूर्ण विकसित राज्य बनाएंगे, यही संकल्प है।

# सफल और सार्थक सरकार का एक वर्ष

बीते वर्ष दिसंबर माह में जब मैंने मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली थी तो हमारे समक्ष 'मोदी की गारंटी' को पूरा करने की चुनौती थी। सरकार का खाली खजाना हमें विरासत में मिला था लेकिन कुशल आर्थिक नीतियों और प्रबंधन के बलबूते हमने सभी बड़े वादों को पूरा कर दिखाया है। प्रदेश की आधी आबादी यानि मातृ शक्ति को आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाने का वादा पूरा करते हुए हमने सर्वप्रथम महतारी वंदन योजना लागू की। जिसके अंतर्गत 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि प्रदान कर राज्य की माताओं-बहनों के सम्मान को बढ़ाया है और उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ प्रवास पर आईं तो वे इस योजना की लाभार्थी महिलाओं से रूबरू हुईं और कहा कि यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमारे राज्य के अन्नदाताओं जो गारंटी दी थी, उस गारंटी को पूरा करते हुए हमने राज्य के 13 लाख किसानों का दो साल का बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का भुगतान अपनी सरकार के गठन के एक पखवाड़े के भीतर ही कर दी थी। किसान भाईयों के बैंक खाते में बोनस की यह राशि छत्तीसगढ़ के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म-जयंती 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस के अवसर उन्हें हमने सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की थी। प्रधानमंत्री जी की गारंटी के अनुरूप हमने राज्य के किसान भाईयों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी बीते खरीफ सीजन से ही कर रहे हैं। हमने अपने संकल्प को पूरा करते हुए किसान भाईयों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से भुगतान भी कर रहे हैं। मुझे यह कहते हुए गर्व की अनुभूति होती है कि हम अपने किसानों को धान का सर्वाधिक मूल्य दे रहे हैं। बीते खरीफ सीजन में 145 लाख मेट्रिक टन धान की हमने रिकॉर्ड खरीदी की है। इस साल भी 14 नवंबर से धान की खरीदी जारी है। राज्य में इस साल खरीफ की अच्छी फसल हुई है। धान खरीदी इस साल हम एक और नया रिकॉर्ड बनाएंगे।

राज्य में पूववर्ती सरकार ने अपनी कार्यशैली से 'भरोसे का बहुत बड़ा संकट' पैदा कर दिया था। बीते एक सालों में हमने जनहितैषी कामों से जनता जनार्दन का भरोसा जीता है। जनता में एक नया विश्वास जगा है। विकास का वातावरण निर्मित हुआ है। हमने बनाया था : हम ही संवारेंगे' के लक्ष्य के साथ हमारी सरकार जनता-जनार्दन की सेवा में लगी है। राज्य की जनता जनार्दन ने हमें सरकार चलाने की जिम्मेदारी सौंपी तो हमारे इरादे स्पष्ट थे कि सरकार शासन से सुशासन की ओर चलेगी। हमने युवाओं के सुनहरे भविष्य की राह आसान करते हुए 9000 से अधिक रिक्त पदों पर सरकारी भर्ती प्रारंभ की है। पीएससी के ताजा परीक्षा परिणामों ने प्रदेश के युवाओं में नए विश्वास और उत्साह का निर्माण किया है। 10 हजार करोड़ की राशि से चार नए राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। नगरीय निकायों और पंचायतों में आरक्षण सीमा को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला कर हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार चलाने में सभी वर्गों की समान भागीदारी होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश को माओवाद–मुक्त बनाने के लिए संकल्पित है। इसी दृष्टि बस्तर क्षेत्र में प्रस्तावित 66 सुरक्षा कैंप में से 42 की स्थापना की जा चुकी है। लाल आतंक को मुंहतोड़ जवाब देने की



नीति के अनुसार अब तक 213 माओवादियों को मार गिराया गया, 937 नक्सली गिरफ्तार हुए एवं 812 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर आने वाले लोगों के पुनर्वास के लिए ठोस नीति बनाई गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है और छत्तीसगढ़ उसमें पूरे सामर्थ्य के साथ अपना योगदान दे रहा है। जल जीवन मिशन के तहत 40 लाख घरों तक नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित कर हमने 80 फीसदी लक्ष्य हासिल कर लिया है। पिछले एक वर्ष में इस अभियान ने छत्तीसगढ़ में अपनी रफ्तार पकड़ी है। हर घर को छत देने का वादा पूरा करते हुए हमने अपनी सरकार के गठन के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में 18 लाख से अधिक जरूरतमंद परिवारों के लिए आवास की स्वीकृति दी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे 2,044 करोड़ रुपए की पहली किस्त हस्तांतरित की जा चुकी है, ताकि वे अपना घर बना सकें। यह राजनीति का विषय नहीं है लेकिन दुःख के साथ कहना पड़ता है कि पिछली सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर जनता के साथ छल किया था। इसके उलट एक साल के अंदर हमने सभी वर्गों का विश्वास जीता है। लोगों के चेहरों पर खुशहाली लाने में कामयाब हुए हैं।

अभी तो यह एक पड़ाव मात्र है। जैसा कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास पर उद्घोष किया था कि विकसित छत्तीसगढ़ तो विकसित भारत, हमारी सरकार ने इस ओर कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। हम सरगुजा-बस्तर की ओर देखो' की नीति पर काम कर रहे हैं। जनजातियों के कल्याण के लिए हमने आदिवासी गांवों में बुनियादी सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए 'नियद नेल्ला नार' योजना शुरू की है। सरकार जल्द ही चना वितरण योजना शुरू करेगी, जिससे 30 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे। यह कुपोषण के खिलाफ अमोघ अस्त्र होगा। 148 हाई और हायर सेकेंडरी पीएमश्री स्कूल में अटल टिंकरिंग लैब शुरू करना, आत्मसमणपत नक्सलियों और पीड़ित परिवारों को 15 हजार आवास, पर्यटन परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को 147.66 करोड़ की राशि की स्वीकृति, दो हजार मेगावाट की सौर परियोजना, जगदलपुर में 118 एकड़ भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण शुरू करना, सरगुजा-बस्तर के विकास पर विशेष फोकस, नई औद्योगिक विकास नीति का निर्माण, स्वास्थ्य बजट का दुगुना होना, ये सारे फैसले हमारे विजन और बुलंद इरादों को दर्शाते हैं।

25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती है जिसे हम 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाते हैं। अटल जी हमारे राज्य निर्माता है। उन्होंने इस भौगोलिक क्षेत्र को नए राज्य के रूप में आकार देकर प्रदेशवासियों की भावनाओं का सम्मान किया। इसी के समानांतर अपने श्रम और प्रतिभा के दम पर छत्तीसगढ़वासियों ने विकास के मामले में खुद को अन्य राज्यों से आगे लाकर खड़ा कर दिया। आंकड़े गवाही दे रहे हैं। राज्य में प्रति व्यक्ति आय 01 लाख 47 हजार 361 रुपए हो गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 7.31 प्रतिशत अधिक है। हमने विकास का ज्ञान' मडल अपनाया तथा छत्तीसगढ़ की जीएसडीपी आने वाले 5 सालों में 10 लाख करोड़ करने का लक्ष्य रखा है। हमारी नई औद्योगिक विकास नीति का उद्देश्य रोजगार को बढ़ावा और 2047 के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण की परिकल्पना को साकार करना है। राज्य के प्रत्येक व्यक्ति का विश्वास हासिल करना, उनके चेहरे पर तरक्की और संतोष की मुस्कान दिखे, मेरे मुख्यमंत्री होने की सार्थकता इसी में है।

भारत-रत्न अटलजी की एक कविता की यह पंक्तियां हमें प्रेरित करती हैं कि :

*जीवन को शत-शत आहुति में,*
*जलना होगा, गलना होगा*

## हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

मुद्दा
बलदेव राज भारतीय



# बांग्लादेश संकट : हिन्दू आखिर किसके भरोसे

विश्व के अनेक देशों में आज युद्ध की जो स्थिति बनी हुई है, वैसा ही एक संकट आज बांग्लादेश में उत्पन्न हो रहा है। इस संकट का बीजारोपण आज नहीं बल्कि धर्म और जिहाद की आड़ में वर्षों पहले ही रोपित हो चुका था। पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार न केवल मानवाधिकारों का हनन है बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिए भी चुनौती बन गया है। बीते कुछ वर्षों में, बांग्लादेश में चरमपंथी ताकतों का उभार हुआ है, और उनके हाथों में सत्ता की चाबी आने के बाद से स्थिति और भी विकट हो गई है। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक लंबे समय से उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है, पुजारियों पर जानलेवा हमले किए जा रहे हैं, और हिंदू परिवारों को इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जो लोग धर्मांतरण के लिए तैयार नहीं होते, उन्हें जान से मार दिया जाता है। इन घटनाओं ने अल्पसंख्यक समुदायों के बीच भय और असुरक्षा की भावना को बढ़ा दिया है। ऐसा लगता है कि विश्व मानवाधिकार आयोग वाले कहीं सोए पड़े हैं। उन्हें हिन्दू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार दिखाई नहीं पड़ रहे। जिन लोगों को भारत में रहने पर डर लगता था, उन्हें शायद बांग्ला देश की घटनाएं सुकून देने वाली लगती होंगी। हिंदू धर्मस्थलों पर हमले की घटनाएं बांग्लादेश में चरमपंथी ताकतों की योजनाबद्ध साजिश को उजागर करती हैं। इन घटनाओं का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि सरकारी तंत्र इन पर अंकुश लगाने की बजाय इन्हें बढ़ावा दे रहा है।

मोहम्मद युनुस जैसे नेताओं के प्रभाव के तहत, पाकिस्तान के साथ नजदीकी बढ़ाई जा रही है। पाकिस्तान से हथियार खरीदे जा रहे हैं और देश में बड़े पैमाने पर सैन्य सामग्री का संग्रह हो रहा है। इस प्रकार के कदम न केवल बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे हैं। हथियारों और सैन्य सामग्री का यह संग्रह स्पष्ट रूप से किसी बड़े उद्देश्य की ओर इशारा करता है। क्या यह भारत के खिलाफ किसी रणनीति का हिस्सा है? क्या बांग्लादेश में उभरते चरमपंथी तत्व क्षेत्र में अशांति फैलाने की साजिश रच रहे हैं? ये सवाल गंभीर चिंताओं को जन्म देते हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। भारत और बांग्लादेश का साझा इतिहास और भूगोल इस संकट के प्रभाव को सीमित करने की अनुमति नहीं देता। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान भी लाखों लोग भारत में शरण लेने को मजबूर हुए थे। वर्तमान में भी यदि स्थिति नियंत्रण से बाहर हुई, तो भारत को एक नए शरणार्थी संकट का सामना करना पड़ सकता है। बांग्लादेश से पलायन कर आए शरणार्थियों की संख्या में वृद्धि भारत में सामाजिक और सांप्रदायिक तनाव को बढ़ा सकती है। सीमावर्ती क्षेत्रों में पहले से ही संसाधनों की कमी है। इन परिस्थितियों में, बड़ी संख्या में शरणार्थियों का आगमन स्थानीय आबादी के साथ संघर्ष का कारण बन सकता है। भारत और बांग्लादेश के बीच लंबी सीमा है, जो कई जगहों पर छिद्रपूर्ण है।

ऐसे में चरमपंथी तत्वों और उनके विचारों का भारत में प्रवेश करना आसान हो सकता है। यह स्थिति भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की शांति और स्थिरता को बाधित कर सकती है। भारत ने हमेशा बांग्लादेश के साथ सौहार्दपूर्ण और सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने की कोशिश की है। लेकिन अगर बांग्लादेश सरकार चरमपंथी ताकतों पर अंकुश लगाने में विफल रहती है, तो यह द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर कर सकता है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति सुधारने और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। भारत और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बांग्लादेश पर यह दबाव बनाना चाहिए कि वह अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। संयुक्त राष्ट्र और अन्य मानवाधिकार संगठनों को इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाना चाहिए। ऐसा नहीं किया गया

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### पाक के पास जा रहा बांग्लादेश

1971 के मुक्ति संग्राम के बाद भारत के सैन्य समर्थन से पाकिस्तान से आजाद हुआ बांग्लादेश इन दिनों भारत से दूर और पाकिस्तान के पास जाता नजर आ रहा है। इस साल अगस्त में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से ही वहां सियासी उथल–पुथल चल रही है और माहौल में भारत के खिलाफ नफरत घोलकर पाकिस्तान से नजदीकी बढ़ाई जा रही है। साफ लगता है कि बांग्लादेश अपने और भारत के कट्टर दुश्मन पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधार रहा है। और संदेश देना चाहता है कि वह अब दक्षिण एशियाई राजनीति को भारत के नजरिए से नहीं देखेगा। हाल के दिनों में पाकिस्तान ने भी ऐलान किया है कि अब बांग्लादेशी नागरिक बिना किसी वीजा शुल्क के उनके देश की यात्रा कर पाएंगे। दोनों देशों में सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने की भी घोषणा की गई है। *– संकेत अग्रवाल, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### हांगकांग में सरकार विरोधी प्रदर्शन के लिए सांसद दोषी

हांगकांग के एक न्यायाधीश ने लोकतंत्र समर्थक एक पूर्व सांसद को जुलाई 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान शहर में एक मेट्रो स्टेशन पर भीड़ द्वारा हिंसा के दौरान दंगा करने के लिए बृहस्पतिवार को दोषी ठहराया। अभियोजकों ने लैम चेउक–टिंग पर लकड़ी के डंडों और धातु की छड़ लिये लगभग 100 लोगों के एक समूह को उकसाने का आरोप लगाया। अभियोजकों के मुताबिक, इन लोगों ने ट्रेन स्टेशन पर प्रदर्शनकारियों और राहगीरों पर हमला किया। अभियोजकों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने काली शर्ट पहनी थी जबकि कुछ लोगों ने सफेद शर्ट पहनी हुई थी और वे दावा कर रहे



## ऑफ बीट

### मोटापा लोगों को गहराई तक प्रभावित करता है

ज्यादा वजन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि 'मोटापा' शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम 'वसा–आधारित पुरानी बीमारी' रख दिया जाए। बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं,



## ट्रेंड

### संविधान का अपमान शर्मनाक



महाराष्ट्र के परभणी मेंभारतरत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा एवं संविधान का किया गया अपमान अति-निन्दनीय व शर्मनाक। वहाँ की सरकार, ऐसे जातिवादी व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध तुरन्त सख़्त क़ानूनी कार्रवाई करे।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### दलितों पर अत्याचार



आज हाथरस जाकर 4 साल पहले हुई शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीड़ित परिवार से मिला। मुलाक़ात के दौरान उन्होंने जो बातें बताई उसने मुझे झकझोर कर रख दिया। इस परिवार की हताशा और निराशा भाजपा द्वारा दलितों के ऊपर किए जा रहे अत्याचार की सच्चाई को दिखाते हैं।
- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### कानून का शासन लाएंगे



क्रिस्टोफर रे का इस्तीफा अमेरिका के लिए एक महान दिन है क्योंकि यह अन्याय विभाग के रूप में जाने जाने वाले हथियारीकरण को समाप्त कर देगा। अब हम सभी अमेरिकियों के लिए कानून का शासन बहाल करेंगे।
-डोनाल्ड ट्रम्प, राष्ट्रपति, यूएसए

### एआई कार्यक्रम



आशा भय, विश्वास, प्रेम, अनिश्चितता और अक्सर मूर्खता का मिश्रण है .. मुझे संदेह है कि कोई भी इन भावनाओं को एआई कार्यक्रम में कोड कर सकता है। इससे डरने का एकमात्र कारण हमारी अपनी जड़ता है। -शेखर कपूर, फिल्मकार

## संक्षेप

### दादा मियां उर्स कमेटी के अध्यक्ष उस्मान अली मनोनीत

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। नगर पंचायत कैसरगंज ग्राम ऐनी हटिंसी में कई सौ सालो से लगातार हो रहे दादा मियां के उर्स के मौके पर गांव के लोगों के साथ कमेटी की सर्व सहमति के साथ उस्मान अली उर्फ जुम्मन को उर्स कमेटी का सदर मुन्तखीब किया गया है। उस्मान अली उर्फ जुम्मन ने बताया कि दादा मियां के उर्स के सिलसिले में जो भी खिदमत करने का मौका मिला है उसे मैं अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ उसका निर्वाहन करता रहूंगा। जुम्मन अली ने पूरे समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रोग्राम को आगे और अच्छे बेहतर ढंग से करने की पूरी कोशिश करता रहूंगा। इस मौके पर सरपरस्त समसुद्दीन बरकती, सेक्रेटरी हाजी रशीद, अमीन, कामिल भाई दिल्ली, राजिश भाई, नाजिम अली उर्फ दुलारे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं चेयरमैन प्रतिनिधि सय्यूब अली आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दबंग ने महिला से दुष्कर्म का किया प्रयास

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा के तिंदवारी थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों द्वारा महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत पत्र दिया और बताया कि बीते दिनों रात के समय घर में अकेली सो रही महिला से दबंग ने दुष्कर्म करने की कोशिश की। महिला ने शिकायत में बताया कि दबंग ने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया और तमंचे के बल पर उस पर हमला किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उसने विरोध किया और बच्चियां चिल्लाईं, तो दबंग ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। महिला के अनुसार, दबंग ने तमंचे का इस्तेमाल कर उसे डराया और इस पूरी घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। घटना के बाद महिला ने पति और सास के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा की मांग की। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लिया और एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने अपनी और परिवार की जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस अब इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने की बात कर रही है।

### अमरोहा में कुत्ते को रस्सी से बांधकर घसीटा

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा में एक मृत आवारा कुत्ते को स्कूटी सवार द्वारा रस्सी से सड़क पर घसीटने का मामला सामने आया है। यहां स्कूटी सवार दो युवक एक मृत आवारा कुत्ते को सड़क पर घसीटकर कहीं ले जा रहे हैं, लेकिन उसी दौरान पीछे से आए कार सवार ने इसका वीडियो बना लिया। उन्होंने अमरोहा पुलिस से मांग उठाई कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करें।

# रामपुर रेतिया में धूमधाम से मनाया गया वन अधिकार दिवस समारोह

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे समाजसेवी जंग हिंदुस्तानी

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा मोतीपुर अंतर्गत ग्राम जंगल गुलरिया के मजरा रामपुर रेतिया में वन अधिकार दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता जंगली प्रसाद ने की। इस अवसर पर वन अधिकार कानून की जानकारी देने के लिए एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिंदुस्तानी ने कहा कि वन अधिकार कानून बने 18 साल पूरे हो चुके हैं लेकिन अभी इसकी प्रगति संतोषजनक नहीं है। कानून को लागू करने के लिए जो एजेंसियां जिम्मेदार हैं वह गंभीरता पूर्वक कार्य नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को जितनी तत्परता के साथ वन निवासियों के अधिकारों के लिए काम करना चाहिए उतनी तत्परता के साथ काम नहीं कर रहा हैं इसीलिए 18 वर्ष के बाद अभी कोई बड़ा मुकाम हासिल नहीं किया जा सका है। यद्यपि तमाम खामियों के बावजूद वन अधिकार कानून 2006 के प्रति लोगों के मन में विश्वास की भावना है।

ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति रामपुर रेतिया के अध्यक्ष नंदलाल ने कहा कि वन अधिकार कानून ने लोगों के जीवन में उजाला लाने का काम किया है हमें इस कानून को लागू करने के लिए लगातार काम करना चाहिए। वन अधिकार समिति के सचिव श्याम बिहारी ने कहा कि वन विभाग को वन अधिकार कानून के क्रियान्वयन में सहयोग करना चाहिए लेकिन सहयोग करने के बजाय वह हर मामले में अडंगे बाजी कर रहा है। समाजसेवी संदीप कुमार सिंह ने कहा कि वन निवासी परिवारों को अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए पूरा प्रयास करना चाहिए ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके।

ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति श्री राम पुरवा के अध्यक्ष विश्वनाथ ने कहा कि वन अधिकार आंदोलन का सदैव या प्रयास रहा है कि वन, वन्य जीव और वन संपदा का संरक्षण होने के साथ-साथ वन निवासियों को अधिकार भी प्राप्त हो। इसके लिए और भी जन जागरूकता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।

अखिल भारतीय वन जन श्रमजीवी यूनियन की सदस्य श्रीमती शांति देवी ने कहा कि भभुआ बिहार के सम्मेलन ने देश भर के वन अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों को नया रास्ता दिखाया है। सुनील कुमार ने कहा कि हमें अपने भविष्य को मजबूत करने के लिए अपनी फिजूल खर्ची को रोकना पड़ेगा और वास्तविक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए काम करना पड़ेगा।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे जंगली प्रसाद ने कहा कि जनपद बहराइच के मोतीपुर तहसील के अंतर्गत सभी वन ग्रामों के निवासी एकजुट हैं और एकजुट रहेंगे। संविधान हमारी ताकत है। कोई भी हमारी एकता को भंग नहीं कर सकता है। इस अवसर पर एक सामूहिक सहभोज का आयोजन किया गया जिसमें सभी सहभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद रहे।

# जयकारों के साथ निकाली गई कलश शोभायात्रा

- 23 दिसंबर तक प्रतिदिन महायज्ञ के साथ श्रीराम कथा
- टेंडवा अल्पी मिश्र पंचायत भवन स्थल पर हो रहा आयोजन

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। श्री रूद्र महायज्ञ की जय, यज्ञ भगवान की जय जैसे जयकारों की गूंज के साथ फखरपुर ब्लॉक के ग्राम टेंडवा अल्पी मिश्र पंचायत भवन श्री राम कथा स्थल से कलश शोभा यात्रा रविवार को निकाली गई। शोभायात्रा में हाथों में कलश लिए हुए महिलाओं, संतों का काफिला मनमोहक दृश्य उपस्थित कर रहा था। डीजे पर भक्ति गीतों की गूंज के साथ जयकारों भजनों से माहौल भक्तिमय हो रहा था। कलश शोभायात्रा ग्राम भ्रमण करते हुए गजाधरपुर के रास्ते झिंगरी पुल स्थित गायत्री परिवार आश्रम में पहुंचीं। यहां वेदमंत्रों की गूंज के बीच कथावाचक श्री प्रेमाचार्य जी महाराज ने सरोवर घाट पर विधिवत पूजन कर कलशों में पवित्र जल स्थापित कराया। इसके बाद शोभायात्रा श्रीराम कथा स्थल पर यज्ञशाला के लिए रवाना हो गई। आयोजक मंडल के पुजारी राम प्रसाद पाठक ने बताया कि कलश शोभायात्रा के साथ ही श्री रूद्र महायज्ञ का शुभारम्भ हो गया है। 22 दिसम्बर तक प्रतिदिन महायज्ञ का क्रम जारी रहेगा। इसी के साथ श्रद्धालुओं का पावन श्रीराम कथा भी श्रवण कराई जाएगी। 23 दिसंबर को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस मौके पर बाबा रमाकांत दास जी महराज, आश्रम प्रबंधक लाड़ली प्रसाद वर्मा, ग्राम प्रधान प्र0 उदयराज वर्मा, ललित पाठक, सुनील पाठक, अंकित गौड़, आशुतोष पाठक, केके पाठक, श्रवण शुक्ला, मंशाराम पाठक, विजय कुमार समेत बड़ी संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नेपालगंज में डाक्टर गौरव श्रेष्ठ की नीना फाउंडेशन ने कराया रक्तदान

अमन लेखनी समाचार/मो. कौशर

रूपईडीहा, बहराइच। नेपालगंज में गोपाल नीना फाउण्डेशन नेपाल और जनमत अर्धसाप्ताहिक पत्रिका द्वारा आयोजित एक वृहद् रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें में 51 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम की शुरूआत नेपाल रेडक्रस सोसाइटी के प्रादेशिक रक्त सञ्चार केन्द्र के प्रमुख उपेन्द्र रेग्मी और उनकी टीम द्वारा की गई। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से डा. गौरव श्रेष्ठ, डा. तृप्ती पाल रमण, शंकर प्रसाद खनाल, प्रदीप सापकोटा, नीरजमान श्रेष्ठ, खम्ब प्रसाद पुन, लक्ष्मण कुमार वैश्य, शेर सिंह कशौधन, पवन कुमार वैश्य, विनोद कुमार वैश्य, अमृता केसी, टीकाराम खनाल, धर्मेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार वर्मा, अनुप आर्य, अनुप सुवेदी, रुस्तम अली दर्जी, सविता चौधरी, जंगली प्रसाद कोरी, महबूब अहमद, मोहम्मद चाँद इद्रीसी, राजेन्द्र डगौरा, अमरेश कुमार कर्ण, श्रीमती कुशुम दुगड, रोहित चौधरी, प्रकाश चौधरी, टिका गुरुङ, प्रिन्स चौधरी, और अन्य शामिल थे। कार्यक्रम में सहयोग देने वाले संस्थाओं और व्यक्तियों में जनमत अर्धसाप्ताहिक पत्रिका, अन्नपूर्ण ग्याष्ट्रो केयर अस्पताल, नेपाल स्वयंसेवी रक्तदाता समाज, बाँके और हेल्थ याद आयो (मोबाइल हेल्थ एप) का विशेष योगदान रहा।



# कृषकों के लिए मील का पत्थर साबित होगी फार्मर रजिस्ट्री योजना: उप निदेशक कृषि

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने बताया कि जनपद में फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। श्री शाही ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री योजना पूरी तरह से कृषकों हित लाभ के लिए संचालित की जा रही है। योजना से आच्छादित होने वाले कृषकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, सब्सिडी व अनुदानों का लाभ आसानी से प्राप्त हो सकेगा। उप निदेशक कृषि ने फार्मर रजिस्ट्री योजना के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि इससे कृषकों सटीक पहचान के साथ-साथ उनकी भूमि और फसल का सही रिकार्ड दर्ज होगा जिससे कृषक कृषि संबंधित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त कर सकेंगे। फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण रूप से डिजिटल होने के कारण किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगा तथा सब्सिडी, बीमा व अन्य लाभ सीधे कृषकों के बैंक खाते में पहुंचेंगे। श्री शाही ने किसानों को सुझाव दिया है कि आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन व नम्बर तथा भूमि रिकॉर्ड (खसरा-खतौनी की प्रति) के साथ कृषक स्वयं अथवा अपने नजदीकी कॉम्न सर्विस सेन्टर पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। श्री शाही ने कृषकों से अपील की है कि जल्द से जल्द आधुनिक कृषि के लिए डिजिटल रजिस्ट्री का लाभ उठाकर अपनी फसल व भविष्य को सुरक्षित बनाएं। किसी प्रकार की समस्या होने पर कृषि विभाग अथवा राजस्व विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। रविवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर बहराइच की एक बैठक घसियारीपुरा स्थित कार्यालय पर हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री रामेंद्र देव सिंह थे। इस बैठक में नगर कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें नगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार गुप्ता, नगर महामंत्री विकास गुप्ता, नगर संगठन महामंत्री महेश गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष अविनाश जायसवाल, सुधीर सिंधी, अमन अग्रहरी नगर मंत्री का दायित्व सत्य प्रकाश जायसवाल, गोबिंद जायसवाल को दिया गया। नगर अध्यक्ष अभिषेक ने बताया कि व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल की प्रेरणा से संगठन व्यापारियों की एकता अखंडता के लिए काम करेगा, और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव संघर्षशील रहेगा।

# प्रभारी निरीक्षक ने हटवाए अवैध अतिक्रमण



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज हरेंद्र मिश्र पुलिस बल के साथ कस्बा कैसरगंज में सड़क के किनारे दोनों पटरियों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया तथा निर्देशित किया गया कि सड़क के किनारे अवैध ढंग से अतिक्रमण न करें। जिससे आवागमन सुचारू रूप से संचालित होता रहे। दोबारा अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज में बाल मेला का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/मो. कौशर




रूपईडीहा, बहराइच। प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज रूपईडीहा परिसर में 15 दिसंबर को मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक ए एस स्टैनली ने बाल मेले का शुभारंभ फीता काट कर किया। विद्यालय के प्राचार्य अनुग्रह स्टैनली ने कहा कि बाल मेला बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उनमें कौशल की वृद्धि का माध्यम होता है। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा बनाए गए खाने पीने के व्यंजन अभिभावक रुचि के साथ खाते हैं। बच्चों को सामान की बिक्री से होने वाली आय से वह उत्साहित होते है। इस प्रकार बाल मेला शारीरिक - मानसिक गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। व्यक्तित्व विकास होने के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के द्वार भी खोलता है। मेले में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री जैसे पिज्जा, बर्गर, मोमोज, चाट, पानी पूरी, क्रीम रोल, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, आदि तथा गेम जोन में हूपला, बटरिंग दा ब्रिंजल, बैलून ब्लास्टिंग, हिट दा पिरामिड, हिट दा टार्गेट, केन इन बकेट जैसे खेल का आयोजन किया गया। इसके साथ ही मेले में लगे विभिन्न प्रकार के झूलों का भी बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। मेले में लकी ड्रॉ के कूपन भी उपलब्ध थे। जिससे लोगों ने बहुत सारे इनाम जीते। मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र सेल्फी स्टैंड बना रहा जिसमें आए हुए सभी अभिभावकों ने जमकर फोटोग्राफी कराई। विद्यालय प्रांगण में कुल 14 स्टाल लगाए गए थे जिनमें कक्षा 6 से 12 तक के छात्र तथा छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य तथा प्रबंधक ने विद्यालय से समस्त शिक्षक तथा शिक्षिकाओं का उनके कार्यों के लिए ध्यानवाद ज्ञापित किया।

# सुल्तानपुर में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता

## 50 मीटर दौड़ में अनुभव और रितिका जीते, बोले- बच्चों में बढ़ता है अनुशासन

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, कादीपुर न्याय पंचायत के बरवारी स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कटसारी में विद्यालय स्तरीय दो दिवसीय वार्षिकोत्सव खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी कोतवाल कादीपुर, अशोक कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत कादीपुर के सभासद, बृजेश सिंह रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजन अर्पण के साथ हुई। मुख्य अतिथि अशोक कुमार सिंह ने अपने संबोधन में खेलकूद को जीवन की आत्मा बताते हुए कहा कि अनुशासित खेल से जीवन में अनुशासन बनाए रखा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि बृजेश सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम ब्लॉक के सभी विद्यालयों में होने चाहिए क्योंकि इससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ता है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कादीपुर के ब्लॉक अध्यक्ष, रणविजय सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के दौरान, बालक वर्ग के 50 मीटर दौड़ में अनुभव ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में रितिका मिश्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में ग्रामसभा कटसारी के प्रधान अरुण मिश्र, न्याय पंचायत जलालपुर के शंकुल सुशील कुमार मिश्र, न्याय पंचायत बरवारीपुर के शंकुल भान प्रताप शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक बैजनाथ यादव, शेर बहादुर शुक्ल, महाराणा प्रताप जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक वीर विक्रम सिंह, राजेंद्र कुमार सरोज, अनिल सिंह सुरेंद्र यादव, अखिलेश उपाध्याय, राकेश कुमार उपाध्याय, सवितेंद मिश्र, अंजनी लाल, ओमप्रकाश, मुन्नू, प्रीति सिंह, कीर्ति यादव साधना सिंह, प्रियंका सिंह शैलेंद्र प्रताप सिंह कार्यक्रम का संचालन विजय प्रताप सिंह ने किया।

# मंदिर में मूर्ति स्थापना से पूर्व भक्तों ने निकाली शोभायात्रा

## भारी संख्या में मौजूद रहे श्रद्धालु, भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, अमरोहा जनपद के हसनपुर नगर स्थित एक शिव मंदिर में शिव परिवार की मूर्ति स्थापना के अवसर पर भक्तों ने नगर के मुख्य मार्ग पर भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव, पार्वती, कार्तिकेय, गणेश और नंदी की मूर्तियों का स्वागत किया और फिर विधिपूर्वक मूर्तियों की स्थापना की गई। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। हसनपुर नगर के रहरा अड्डा चौराहा मार्ग स्थित शिव मंदिर में मूर्तियों की स्थापना के लिए पंडित दिनेश शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजन कराया गया। इसके बाद मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान भक्त भगवान शिव के भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। मंदिर में मूर्तियों की स्थापना के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा में कई भक्त शामिल हुए, जिनमें निकुंज अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, श्रेया अग्रवाल, हरि सिंह सैनी, जयपाल सिंह, अनिल शर्मा, गौरव अग्रवाल, सोनी अग्रवाल, अंकित अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

# अमेठी में एसपी ने पुलिसकर्मियों को लगवाई दौड़

## थाना प्रभारी और सीओ भी दौड़े, पुलिस लाइन के सभी कार्यालयों का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी एसपी अनूप सिंह ने आज पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों की शारीरिक दक्षता जांचने के लिए जमकर दौड़ लगवाई। दौड़ में थाना प्रभारियों के अलावा सीओ भी शामिल हुए। इस दौरान एसपी ने परेड की सलामी लेते हुए पुलिसकर्मियों से साफ सुथरी और अच्छी वर्दी धारण करने का निर्देश दिया। मौके पर आरआई के अलावा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सीओ मौके पर मौजूद रहे। अमेठी एसपी अनूप सिंह रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिसकर्मियों को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए और उनकी शारीरिक दक्षता जांचने के लिए दौड़ लगवाई। दौड़ में सीओ ने लेकर थाना प्रभारी तक शामिल हुए। एसपी ने परेड की सलामी लेते हुए पुलिस लाइन में मौजूद कार्यालय का निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद सभी पुलिसकर्मियो से साफ-सुथरी और अच्छी वर्दी पहनने का निर्देश दिया। एसपी द्वारा बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरक, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा और पीआरवी 112 का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने के साथ ही अभिलेखों के रखरखाव संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस लाइन में मौजूद रजिस्टरों और को भी एसपी ने चेक किया। इस दौरान पुलिस लाइन के आरआई और प्रशिक्षनाधीन सीओ दिनेश कुमार मिश्र मौके पर मौजूद रहे।

# एकमुश्त समाधान योजना के लिए जागरूकता रैली

## सुल्तानपुर में 5000 बकाया बिजली बिल पर 100% तक सरचार्ज छूट

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, सुल्तानपुर के मोतिगरपुर में दियरा विद्युत उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारियों ने सरकार की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए जागरूकता रैली निकाली। इस रैली का नेतृत्व जेई अनिल यादव ने किया। योजना के तहत बिजली बिल पर सरचार्ज माफी और छूट की जानकारी दी गई और उपभोक्ताओं से अपील की गई कि वे अपने बकाया बिल समय पर जमा करें। रैली के दौरान बताया गया कि योजना के तहत 5,000 रुपये तक के बकायेदारों को 100% सरचार्ज माफी का प्रावधान है। जेई अनिल यादव ने कहा, यह योजना उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत देने के लिए सरकार का एक बड़ा कदम है। जो भी बकायेदार हैं, उन्हें योजना का लाभ उठाकर अपना बिजली बिल जल्द से जल्द जमा करना चाहिए। दर्जनभर विद्युत कर्मियों ने दियरा बाजार में रैली निकालकर योजना का संदेश घर-घर तक पहुंचाया। उपभोक्ताओं को पंजीकरण प्रक्रिया और भुगतान के आसान तरीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर लाइनमैन कृपाशंकर सोनी, अनिल यादव, प्रमोद, राज किशोर मिश्र, योगेश तिवारी, राजीव यादव, संदीप, प्रमोद, शिवम पांडेय और रवी सोनकर समेत कई कर्मचारी उपस्थित रहे। सरकार द्वारा शुरू की गई यह योजना बिजली बिल बकायेदारों को उनके बकाया पर ब्याज माफी और आसान किस्तों में भुगतान की सुविधा देती है। उपभोक्ता योजना का लाभ लेकर बकाया चुकाने के साथ-साथ अपने कनेक्शन को नियमित रख सकते हैं।

## संक्षेप

### बागपत में सिपाही की बेटी की संदिग्ध मौत

**स्कूल में बच्चों से खेलते वक्त चक्कर आकर गिरी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, बागपत के सरूरपुर कला गांव में यूपी पुलिस के सिपाही की 7 वर्षीय बेटी की स्कूल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।बच्ची कक्षा एक में पढ़ती थी और लंच टाइम के बाद ग्राउंड में खेलते वक्त चक्कर खाकर गिर गई।उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्रा अपेक्षा अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रही थी।उसके पिता बिजनौर में यूपी पुलिस में तैनात हैं। पारिवारिक मतभेदों के चलते अपेक्षा अपने नाना-नानी के साथ रह रही थी और गांव के योगी नाथ विद्यापीठ पब्लिक स्कूल में कक्षा एक की छात्रा थी। परिजनों के मुताबिक, बच्ची की मौत हार्ट फेल होने के कारण हुई। हालांकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। बच्ची की मौत के असली कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा। घटना के बाद परिजनों और स्कूल प्रशासन में शोक की लहर है। बच्ची की मौत की सही वजह जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। अपेक्षा की अचानक हुई मौत से परिवार सदमे में है।स्कूल प्रशासन ने भी इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। परिजन अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके।

### ताऊ के घर जा रही युवतियों से अभद्रता और छेड़छाड़

अमन लेखनी समाचार

मोदीनगर, गाजियाबाद के मोदीनगर की एक कॉलोनी में देर रात पैदल ताऊ के घर जा रही युवती और 15 साल की किशोरी के साथ बाइक सवार युवक द्वारा अभद्रता और छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है।डर के चलते किशोरी घर से बाहर नहीं निकल रही है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर वीडियो के आधार पर बाइक सवार युवक की तलाश शुरू कर दी है। नगर की एक कॉलोनी निवासी महिला परिवार सहित रहती है।महिला ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। महिला ने तहरीर में लिखा है कि मेरी पुत्री और 15 साल की भतीजी अपने ताऊ के घर जा रही थी। आरोप है कि जब वह बीच रास्ते में पहुंचे पहुंची तो बाइक सवार युवक ने युवती और किशोरी से अभद्रता व गलत हरकत की। युवती ने इसका एक वीडियो बना लिया।युवती द्वारा शोर मचाने पर लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। महिला ने इस बारे में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है।एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वीडियो के आधार पर आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

## कस्बे में पीड़ित ग्रामीण व्यापारियों ने प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात कर गमन कर भागी फर्म से पैसा दिलाने की किया मांग

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी/फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी कस्बे के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के तीन दर्जन से अधिक पीड़ित व्यापारी कोतवाली बिंदकी पहुंचे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात किया और कहा कि धान खरीद बिक्री का जो करोड़ों रुपया का जो चार बड़े व्यापारियों ने गमन किया है। उसे दिलाने का जल्द काम किया जाए व्यापारियों ने कहा कि वह एक और मुकदमा दर्ज कराएंगे। उन्होंने चार नाम जद आरोपियों में से अभी भी फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने की भी मांगकोतवाली में रविवार की दोपहर करीब 12:00 बजे धान खरीद बिक्री के मामले में पीड़ित करीब तीन दर्जन लोग पहुंचे।पीड़ित लोगों ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह से आरोपियों द्वारा करोड़ों रुपया वापस दिलाने की मांग किया।इस मामले में पीड़ित अशोक आदि ने कहा कि वह आरोपियों के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज कराएंगे। बताते चले कि बिंदकी कस्बे के कुंवरपुर रोड में महादेव गार्डन के सामने स्थित गरिमा ट्रेडर्स द्वारा कई करोड़ रूपया का ध्यान खरीदा गया था।लेकिन इसके बाद धान बेचने वालों का पैसा नहीं दिया गया।जिस पर पीड़ित सैकड़ो लोगों ने चार आरोपियों के खिलाफ करोडो रूपया गमन करने का मुकदमा दर्ज कराया था।बताया जाता है कि एक आरोपी पुलिस के हिरासत में है जबकि तीन आरोपी अभी भी फरार हैं।इसी मामले को लेकर रविवार की दोपहर करीब 12:00 बजे पीड़ित अशोक कुमार सहित तमाम लोग कोतवाली बिंदकी पहुंचे और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात कर आरोपियों द्वारा जल्द पैसा वापस दिलाने की मांग किया। इस मामले में अशोक कुमार ने कहा कि वह लोग किसानों से धान खरीद कर लाए थे और गरिमा ट्रेडर्स में बेचा गया था।अब किसान अपना पैसा वापस मांग रहे लेकिन गरिमा ट्रेडर्स के चार आरोपियों द्वारा पैसा वापस नहीं किया जा रहा है।अभी भी तीन आरोपी फरार है जिनको गिरफ्तार किया जाए और पैसा वापस दिलाया जाए । अशोक कुमार ने कहा कि एक अन्य मुकदमा भी आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराया जाएगा।

## शोक सभा में पत्रकारों ने दुर्घटना में मृत पत्रकार आनन्द कपाडिया को अर्पित किया शोक श्रृद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर।बिंदकी के पत्रकार आनंद कपाड़िया की दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु की खबर से द्रवित स्थानीय पत्रकारों ने एक शोक सभा का उपज जिला महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजन कर शोक संवेदना व्यक्त की गई और श्रृद्धांजलि अर्पित कर मृत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई।श्री कपाडिया की बीते दिन एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। कस्बा बकेवर में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन आफ जर्नलिस्ट (उपज) जीनियस प्रेस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, जिला पत्रकार संघ/ एसोसिएशन व प्रेस क्लब फतेहपुर के प्रतिनिधियों की उपस्थिति दैनिक जागरण कार्यालय बकेवर में दुर्घटना में मृत पत्रकार आनंद कपाडिया को दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की गई। शोक सभा में जीनियस प्रेस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव व उत्तर प्रदेश एसोसिएशन आफ जर्नलिस्ट (उपज) के जिला महामन्त्री रवीन्द्र त्रिपाठी( दैनिक देश की रोशनी),मान्यता प्राप्त पत्रकार घनश्याम शुक्ल( स्वतंत्र चेतना), शैलेन्द्र विश्वकर्मा (दैनिक जागरण), संतोष शुक्ल (दैनिक आज), रंजन शुक्ल( दैनिक हिंदुस्तान), शोभित शुक्ला (दैनिक अमन लेखनी समाचार) ललित मिश्र ( दैनिक अमर उजाला), प्रशांत तिवारी (दैनिक परिवेश), ताहिर सिद्दीकी (जन संदेश), रोहित त्रिवेदी( दैनिक राष्ट्रीय सहारा), सत्येन्द्र दीक्षित (दैनिक देश की रोशनी बिंदकी), अमित देव( विधि सम्पादक बोलती खबरें)निर्मित द्विवेदी( दैनिक नायक) , राजेश गौतम( दैनिक भारत कनेक्ट), गौरव मिश्र ( दैनिक लोक भारती)व नरोत्तम सिंह( देश की रोशनी खजुहा) सहित बडी संख्या में पत्रकारों ने अपनी श्रृद्धांजलि अर्पित की।

### अटेवा शिक्षक संघ ने क्रिकेट मैच का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर जनपद के खजुहा कस्बे में बने श्री पुरषोत्तम इंटर कॉलेज के मैदान में शिक्षकों की अटेवा शाखा द्वारा एक दिवसीय मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।जिसमे अटेवा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष निधान सिंह ने 2016 में अपने साथी रामाशीष यादव की अपनी मांगों के प्रदर्शन को लेकर मौत हो गई थी उन्हीं की स्मृति में अटेवा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष निधानसिंह ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करने के बाद एक क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया इस मैत्री क्रिकेट मैच में चार टीमों ने प्रतिभाग किया है जिसमें देवमयी, अमौली, खजुहा, और मलवा ने प्रतिभाग किया है।10 ,10 ओवर का मैच रखा गया है जिसमे सभी टीम अपना अपना प्रदर्शन करेंगी इस मौके पर पुरुषोत्तम इंटर कालेज के शैलेन्द्र तिवारी ,अशोक वर्मा ,अजय पाल, धनेश पांडेय , अटेवा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष निधान सिंह समेत चारो ब्लाकों के शिक्षक खिलाड़ी मौजूद रहे

### विहिप व बजरंगदल के कार्यकताओं ने निकाली शौर्य जागरण यात्रा

अमन लेखनी समाचार

जनपद फतेहपुर के बिंदकी तहसील के अंतर्गत खजुहा कस्बे में शौर्य जागरण यात्रा निकाली गई जिसमे बजरंगदल व विश्व हिंदू परिषद तथा हिन्दू संगठन के कार्यकताओं वा पदाधिकारियों बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, इस मौके पर हिंदू एक है के नारे लगाए और कहा सभी हिंदू शास्त्र भी पढ़ना जानते है और शस्त्र चलाना भी जानते है मौका पड़ने पर वह इसका प्रयोग अवश्य करे।जय जय श्री राम के नारों की गूंज के साथ सभी युवा कार्यकताओं वा पदाधिकारियों के बीच एक अलग जोश देखने को मिला।इस मौके पर विहिप के प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे व डॉक्टर विजय शंकर मिश्र व कार्यकर्ता में मुख्य रूप से खजुहा से अरविंद सक्सेना ,गौरव सिंह ,शिवम दुबे ,सत्यम सिंह ,सोना पंडित ,राघवेंद्र मिश्र , अक्की,दीपक तिवारी सहित कई पदाधिकारी वा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कस्बे में गाजे-बाजे के साथ अमौली के ऐतिहासिक मेले का हुआ आगाज

अमन लेखनी समाचार



अमौली/फतेहपुर।अमौली कस्बे में लगने वाला मेला प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ऐतिहासिक मेले की शुरूआत मेला कमेटी के अध्यक्ष अवधेश तिवारी की उपस्थिति में श्री राम की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर 153वें मेला का उद्घाटन किया।कमेटी के अन्य पदाधिकारियों ने भी प्रभु श्री राम की प्रतिमा में फूल माला व दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ करते हुए प्रथम दिवस में आये हुए मेले में आगंतुकों व कमेटी के पदाधिकारियों का आभार जताया।मेला के प्रथम दिवस में शंकर पार्वती,राधा कृष्ण,राम लक्ष्मण, हनुमान की मनमोहक झांकियां व हनुमान, सुग्रीव,जामुवन्त के स्वरूप कस्बे की गलियों से डीजे बैंड बाजे के साथ नाचते गाते हुए मेला प्रांगण में बने रावण की प्रतिमा के पास पहुँचकर घण्टों राम रावण का युद्ध हुआ अंत में राम ने रावण का वध किया। इसके पश्चात जय श्री राम जय घोष के साथ प्रथम मेला का शुभारम्भ हुआ। मेले में नाचने वाले घोड़े भी इस वर्ष आकर्षण का केंद्र बने।जहां हजारों की संख्या में लोगों ने राम रावण की लड़ाई के साथ-साथ स्वरूप व झांकियां का आनंद उठाते मिले।इस मौके पर अध्यक्ष अवधेश तिवारी कोषाध्यक्ष महेश देव तिवारी,प्रबंधन मंत्री जगत त्रिवेदी,संयुक्त मंत्री सुरेश सोनकर,प्रचार मंत्री रामसेवक त्रिवेदी,सोनू सोनकर,सत्यम त्रिवेदी, सहित अन्य पदाधिकारी हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोग तथा सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर चांदपुर पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

## बागपत में युवक से 50 हजार की लूट

**4 बदमाशों ने रोककर की मारपीट और लूट, पैसे जमा करने गया था**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित छपरौली चुंगी पर 4 बदमाशों ने एक युवक से मारपीट कर 50 हजार रुपए की नकदी लूट ली। घटना के बाद बदमाश फरार हो गए।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज के जरिए बदमाशों की पहचान की जा रही है। बड़ौत नगर निवासी संजय सैन ने बताया कि उन्होंने केनरा बैंक से 50 हजार रुपए निकाले थे। उनके बेटे संजय को ये पैसे जमा करने के लिए छपरौली चुंगी भेजा गया था।जैसे ही उनका बेटा स्कूटी पर छपरौली चुंगी पहुंचा, दो बाइकों पर सवार 4 बदमाशों ने उसे रोक लिया।बदमाशों ने युवक से मारपीट कर रुपए लूट लिए और फरार हो गए।घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इंस्पेक्टर मनोज कुमार चहल ने बताया कि वारदात के बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।पुलिस को उम्मीद है कि फुटेज से बदमाशों की पहचान हो सकेगी। छपरौली चुंगी बड़ौत का व्यस्ततम चौराहा है, जहां आमतौर पर भारी भीड़ और पुलिस की मौजूदगी रहती है।ऐसे व्यस्त स्थान पर इस प्रकार की घटना पुलिस के लिए एक चुनौती बन गई है।पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही बदमाशों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।



## गाजियाबाद में चोरों ने स्कूल का सब सामान साफ किया

- चाय की केतली से लेकर एलईडी भी ले गए चोर, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए 4 युवक

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, लोनी क्षेत्र में बेखौफ चोर ने एक स्कूल में ताले तोड़कर चोरी कर ली।चोरी की सीसी टीवी फुटेज भी सामने आई है।

जहां 4 युवक सुबह साढ़े 3 बजे प्रशांत विहार कॉलोनी स्थित स्कूल में पहुंचे।एक युवक पर ताला काटने का कटर है।जिसके बाद युवक पहले मैन गेट का ताला तोड़ता है, उसके बाद अंदर के कमरों के ताला तोड़कर सारा सामान चोरी कर लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने लोनी थाने में चोरी की तहरीर दी है। लोनी थाना क्षेत्र में नवजीवन आदर्श हायर सेकेंड्री स्कूल प्रशांत विहार के प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने पुलिस को बताया कि सुबह 3 बजकी 40 मिनट पर चोर ताला तोड़कर स्कूल में घुसे। सीसी टीवी फुटेज में चार युवक सामने आए हैं। जिनमें एक युवक चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए भी है। स्कूल में रखा सारा सामान चोरी कर लिया गया। चोरों ने इंवेर्टर, बैट्री, कम्यूटर, एम्पलीफायर, 7 चेयर, चाय की केतली और एक एलईडी चोरी कर ली। पुलिस अब चोरों की तलाश कर रही है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष के लिए 96 आवेदन

**मेरठ में पहले दिन 8 मंडलों में हुआ नामांकन, देहात में शुरू होगी प्रक्रिया**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, भाजपा मंडल अध्यक्षों के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन 8 मंडलों पर मंडल अध्यक्ष के लिए 96 लोगों ने पत्र लिया है।इसमें 8 महिलाएं भी हैं।वहीं अन्य मंडलों के अलावा देहात में नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। सुबह से नामांकन स्थलों पर भाजपाई पहुंचने लगे। गुटबाजी और आपसी मतभेदों की खाई को पाटने के लिए पार्टी ने इस बार नामांकन के साथ नाम वापसी कराने का तरीका निकाला है।ताकि बात आगे न बढ़े।जब प्रत्याशी नामांकन पत्र लेने पहुंचे तो वहीं आपसी सहमति बन जाए।महानगर में गुरुवार से मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई है।पहले दिन 8 मंडलों मे नामांकन हुए। इसमें 96 लोगों ने नामांकन पत्र लिया है।इसमें 8 महिलाएं भी हैं। मंडलवार देखें तो ब्रहमपुरी में 8, अग्रसेन में 6, कंकरखेड़ा में 18 इसमें 2 महिलाएं, शास्त्रीनगर में 10 इसमें 1 महिला, मुल्तान नगर में 17, जाग्रति विहार में 23 में 4 महिला, पल्लवपुरम में 3 और छावनी मंडल में 11 में से 1 महिला ने नामांकन पत्र लिया है।कुल 96 में 8 महिलाएं हैं।वहीं प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि पार्टी, संगठन में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। अध्यक्ष पदों के लिए अगर महिलाएं आगे आती हैं, आवेदन करती हैं तो उनको वरीयता देंगे। महिलाओं पर उम्र का मानक भी लागू नहीं किया गया है।किसी भी उम्र की महिलाएं होंगी उनको वरीयता मिलेगी।पार्टी दरअसल गुटबाजी से दूर रहकर निर्विरोध निर्वाचन कराना चाहती है। ताकि कार्यकताओं के मन में आपसी खटास कम से कम हो।इसलिए कार्यकताओं को संदेश दिया गया है कि जब नामांकन पत्र लोगे वहीं बातचीत करके एकराय हो जाएं। नामांकन वापसी का पत्र भी साथ ही ले लें। वहीं अपना नामांकन भी रद्द करा दें।ताकि मतदान की स्थिति ही न बने। मतदान नहीं सहमति से अध्यक्ष बनाने का संदेश दिया जा रहा है।शहर में चार, कैंट में छह और दक्षिण छह मंडल हैं।

35 से 45 साल के उम्र के मंडल अध्यक्ष बनाए जाएंगे। दो बार के अध्यक्ष रह चुके हटाए जाएंगे। एक महिला अनिवार्य रूप से किसी मंडल की अध्यक्ष बनाई जाएगी।

इन समीकरण के कारण 16 में से 10 अध्यक्ष बदल दिए जाएंगे।

## बुलंदशहर में एसडीएम ने की छापेमारी

**खनन माफियाओं को दबोचने के लिए बनाया जाल, सूचना लीक के कारण नहीं चढ़े हत्थे**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, गुलावठी में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की योजना बनाई, लेकिन खनन माफिया तक पहुंचने से पहले ही सूचना लीक हो जाने की वजह से ऑपरेशन विफल हो गया।एसडीएम नवीन कुमार ने प्रशासनिक टीम के साथ छापेमारी की, लेकिन मौके पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एसडीएम नवीन कुमार ने बताया, गुलावठी में अवैध खनन की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई। हालांकि, मौके पर कुछ भी नहीं पाया गया। लेकिन इस बात की संभावना है कि हमारी योजना की जानकारी पहले ही माफियाओं तक पहुंच गई थी।सैदपुर रोड और आसपास के इलाकों में अवैध मिट्टी खनन आम समस्या बनी हुई है। डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में मिट्टी भरकर ले जाने का सिलसिला जारी है। इनसे उड़ने वाली धूल से स्थानीय लोग परेशान हैं। एक निवासी ने कहा, हर दिन इन वाहनों के गुजरने से सड़कें खराब हो रही हैं और वातावरण प्रदूषित हो रहा है। एसडीएम नवीन कुमार ने गुलावठी के बड़ा महादेव मंदिर परिसर में स्थित रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया। वर्तमान में रैन बसेरे में 10 लोग ठहर रहे हैं। जरूरत को देखते हुए एसडीएम ने वहां चार अतिरिक्त बेड लगाने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का आदेश भी दिया। एसडीएम ने कहा, अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी।

## मोदीनगर के महम्मदपुर मतौर के जंगल में लगी आग

**फसल बचाने को दौड़े किसान, दमकल की गाड़ी ने 2 घंटे में पाया काबू**



अमन लेखनी समाचार

मोदीनगर, रात को गांव महम्मदपुर व मतौर के जंगलों में भीषण आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बना और ग्रामीण अपने अपने घरों से बाहर निकल रहे । सूचना के बाद दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची।फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने दो घंटे में आग पर काबू पाया। एफएसओ अमित कुमार का कहना है कि आग को सूचना पर मौके पर दमकल की गाड़ी भेजी गई।दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू कर लिया गया है।आग से कोई जनहानि नहीं हुई है।

## मांस तस्करी में दरोगा पर रिश्वत लेने का आरोप

**दो लाख रुपये की थी मांग, 70 हजार देने पर दी झूठे केस में फंसाने की धमकी**

अमन लेखनी समाचार




मोदीनगर, गाजियाबाद के मोदीनगर में भोजपुर थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम कोर्ट के आदेश पर एक दारोगा विपिन कुमार के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोप है कि दारोगा ने मांस तस्करी के मामले में एक व्यक्ति का नाम हटाने के लिए दो लाख रुपये की मांग की थी। व्यक्ति ने 70 हजार रुपये दे दिए थे।बाकी रकम नहीं मिलने पर दारोगा ने मुकदमे से व्यक्ति का नाम नहीं निकाला। रुपये वापस मांगने पर व्यक्ति को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। मेरठ फलावदा निवासी सबलू की तरफ से रिपोर्ट दर्ज हुई है।जिसमें कहा गया है कि आठ सितंबर 2022 को भोजपुर थाने में मांस तस्करी को लेकर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिससे उसका कोई लेना-देना नहीं था। बावजूद इसके उसका नाम मुकदमे में जोड़ा गया। दारोगा विपिन कुमार ने नाम निकालने के नाम पर उससे दो लाख रुपये की मांग की।दो गवाहों के सामने सबलू ने 70 हजार रुपये दे दिए। बाकी रुपये का इंतजाम नहीं हो सका। इसके चलते सबलू ने दारोगा से 70 हजार रुपये वापस मांगे। आरोप है कि दारोगा ने रुपये वापस देने का इनकार कर दिया और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। व्यक्ति का आरोप है कि इस मामले में गो रक्षक दल के सदस्य सुमित शर्मा निवासी रहीसपुर थाना बाबूधाम गाजियाबाद भी शामिल है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।वर्तमान में दारोगा विपिन कुमार की तैनाती से संबंधित जानकारी की जा रही है।

## संक्षेप

### विद्युत विभाग ने जर्जर पोल की कराई मरम्मत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। हादसे को न्यौता दे रहे जर्जर विद्युत पोल की खबर प्रकाशित होते ही नींद से जागे विद्युत विभाग ने मरम्मत का कार्य शुरू किया है। कस्बे के थाना चौराहा में इंडियन बैंक मार्ग के मोड में लगे हाईटेंशन लाइन के जर्जर पोल की मरम्मत कर दी गई है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है। दो दिन पूर्व हादसे का इंतजार कर रहा विद्युत विभाग शीर्षक की खबर प्रकाशित की गई थी। खबर के प्रकाशित होते ही नींद से जागे विद्युत विभाग ने इंडियन बैंक मोड में लगे जर्जर हाईटेंशन लाइन के पोल की मरम्मत कराई है। विद्युत पोल की मरम्मत होने पर अब खतरे का अंदेशा खत्म हो गया है। मरम्मत होते ही स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। विद्युत वितरण उपखंड के अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि इमिलिया थोक में लटक रही केबिल के साथ पैलानी मार्ग के सागर किराना के सामने जर्जर पोल को भी जल्द ठीक कर दिया जाएगा।

### जेठ व देवर सहित अन्य परिजनों पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। कुरारा थाना क्षेत्र के बिलौटा ग्राम पंचायत के मजरा छककी डेरा गांव निवासी महिला ने जेठ जेठानी व देवर द्वारा गाली गलौज करने व मना करने पर लात घूंसों से मारपीट करने की तहरीर थाने में दी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। कुरारा क्षेत्र के छक्की डेरा गांव निवासी महिला रूबी पत्नी धर्मवीर निषाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती शाम पांच बजे जब वह अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थी। तभी उसका जेठ धर्मा ने अपने पुत्र बेटा लाल तथा देवर अमित उर्फ छुट्टन, जेठानी नरायनिया तथा शमशेर के साथ दरवाजे पर आकर गाली गलौज किया। जब उसे गाली देने से मना किया तो सबने मिलकर लात घूंसों व डंडे से मारपीट किया तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# भारतीय मजदूर संघ के स्वर्णिम 70 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। मुख्यालय के रोडवेज स्थित संघ कार्यालय में भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक में भारतीय मजदूर संघ के स्वर्णिम 70 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संगठन के राष्ट्रीय एवं सामाजिक उपलब्धियां, संघर्ष एवं प्रतिफल, सामाजिक परिकल्पना एवं संगठन विस्तार के रूप में विस्तृत चर्चा की गई। संगठन द्वारा चलाये जा रहे श्रमिक संपर्क अभियान को कैसे सफल बनाया जाय उसकी कार्ययोजना बनाई गयी। जिलाध्यक्ष विवेक मिश्रा ने कहा कि भारत दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। हमारे ऋषि मुनियों ने मनुष्य के लिए भौतिक एवं चारित्रिक सुचिता के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा एवं वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा पूरे विश्व को दी। शून्य से सृष्टि तक के निर्माण में श्रम का महत्व रहा है। सभी कालखण्डों में मालिक एवं मजदूर का आपस में संबंध रहा है और श्रमिकों को कार्य के बदले पारिश्रमिक दिया जाता था। मनुस्मृति, सुक्रनीति, भीष्म नीति, नारद नीति, विश्वकर्मा पुराण में भी श्रम नीति का विस्तार से वर्णन है। भारत में उद्योगों के विस्तार के साथ ही 20वीं सदी के प्रारंभ में मजदूर संगठनों ने अपना कार्य प्रारंभ कर दिया था परंतु उनके क्रियाकलाप रूस और चीन के वामपंथी विचारधारा के आधार पर थे जो भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन के अनुकूल आज भी नहीं है। इसलिए समाज को युवावस्था से ही संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले ऋषि तुल्य संघ के प्रचारक श्रद्धेय दत्तोपन्त ठेंगड़ी जी को भारत की मिट्टी के अनुकूल एक नया मजदूर संगठन बनाने के लिए तत्पर किया गया। उन्होंने भारतीय जीवन दर्शन एवं प्रखर राष्ट्रवाद से ओतप्रोत राष्ट्रहित और उद्योग हित के साथ-साथ श्रमिकों के सर्वाधिक उत्थान के लिए स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक तथा चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिन 23 जुलाई 1955 को गैर राजनीतिक एक विशुद्ध ट्रेड यूनियन भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) का गठन किया गया। वामपंथी विचारधारा के श्रम संगठनों और राजनीतिक विचारधारा से जुड़े अन्य संगठनों के नारे ₹चाहे जो मजबूरी हो मांग हमारी पूरी हो₹ से अलग हटकर ₹भारत माता की जय₹ के साथ ₹देश के हित में करेंगे काम, काम का लेंगे पूरे दाम₹ जैसे राष्ट्रीय प्रतिबद्धता से युक्त जय घोष करने वाला भारतीय मजदूर संघ देश के सभी उद्योगों में व्यापक हो चुका है। बताया कि सात प्रतिशत संगठित क्षेत्र के उद्योगों में रक्षा, रेलवे, पोस्ट, बीएसएनएल, बैंक, बीमा, सार्वजनिक क्षेत्र, निर्माण श्रमिक, कोस्ट गार्ड, विद्युत, रोडवेज एवं उड्डयन तथा 93 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र की उद्योगों में ग्रामीण मजदूर, रेहडी पटरी, आशा, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य, एनएचएम, एनआरएलएम, सफाई कर्मचारी, मनरेगा, सखी समूह, दुकान वाणिज्य, बैंक मित्र, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, सहकारिता, टेंपो टैक्सी, ट्रांसपोर्ट मत्स्य एवं होटल आदि क्षेत्रों में करोड़ों कार्यकर्ता के उत्साह से पिछले 70 वर्षों से अनवरत कार्य कर रहा है। जिलाध्यक्ष विवेक मिश्रा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ देश के सभी प्रकार के लोगों शोषित, पीड़ित, वंचित श्रमिकों के अधिकार दिलाने के लिए प्रतिज्ञित है। कहा कि भारतीय मजदूर संघ के इस श्रमिक सम्पर्क अभियान में जुड़कर तन-मन-धन से सहयोगी बनें।

बैठक में भारतीय मजदूर संघ के जिला संरक्षक विनय सिंह चंदेल, जिलाध्यक्ष विवेक मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष शिवशरण सिंह, जिला मंत्री अत्री शर्मा, जिला संगठन मंत्री राजेश सिंह सेंगर, उपाध्यक्ष दिनेश, लल्लूराम भारती, रणविजय सिंह, आशीष, महेश, अंकित सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया हुई पूरी

### हमीरपुर के सभी 12 मंडलों में मंडल अध्यक्षों के लिए गए आवेदन

### संगठन द्वारा बनाए गए चुनाव अधिकारियों की रही सराहनीय भूमिका

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी संगठन चुनाव पर्व के तहत चल रहे संगठन के चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत बूथ अध्यक्ष के बाद मंडल अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया चल रही थी वह आज जिला चुनाव अधिकारी कुशीनगर विधायक न पाठक सह चुनाव अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास एवं शिव प्रकाश सिंह सेंगर के नेतृत्व में जनपद हमीरपुर के सभी 12 मंडलों में पूरी हो चुकी भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने जानकारी दी की राठ विधानसभा में लगभग 20 लोगों ने 5 मंडल अध्यक्ष पद के लिए अपने अपने आवेदन किये इसी प्रकार हमीरपुर विधानसभा के सात मंडल अध्यक्ष पद के लिए लगभग 40 लोगों ने आवेदन किया जिनको संगठन के द्वारा बनाए गए चुनाव अधिकारी रामहेत राजपूत आराधना राजपूत राजेंद्र द्विवेदी हरिचरण अनुरागी प्रीतम सिंह किसान रोहित शिवहरे नरवेद्र सिंह कृष्ण कुमार व्यास सभी ने अपने-अपने मंडलों की चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई इस चुनाव प्रक्रिया को भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने सराहनीय कार्य बताया उन्होंने कहा कि यह संगठन पर्व चल रहा है जिसमें कार्यकताओं को संगठन के प्रति कर रहे लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी देने के लिए यह कार्य किया गया है ताकि सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को मेहनत एवं ईमानदारी से निभा सके और संगठन को आगे ले जाने का काम कर सके।

## महिला बीट टीम द्वारा महिलाओं की समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण



विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, से सबधित योजनाओ की दी जा रही है जानकारी

अमन लेखनी समाचार

अमेठी पुलिस पर्यवेक्षण में ्मिशन शक्ति् अभियान के पंचम चरण के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद अमेठी के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के गांवों/कस्बों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076्मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में तथा साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया एवं जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किये गये इसी क्रम में थाना जायस पुलिस की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

## एबीवीपी के प्रांत अधिवेशन हेतु पैरामेडिकल में भूमिपूजन हुआ सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव

झाँसी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत के 64वें प्रांत अधिवेशन के स्थल का भूमि पूजन पैरामेडिकल कॉलेज के युग सृजता स्टेडियम में संपन्न हुआ। जिसमें प्रांत अध्यक्ष डॉ. बृजेश मिश्रा, अखिल भारतीय एग्रिविजन प्रमुख विक्रम फर्स्वाण, प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय, विभाग संगठन मंत्री ज्ञानेंद्र सिंह, समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी सहित विद्यार्थी परिषद के ज्येष्ठ कार्यकर्ता एवं महानगर के गणमान्यजनों नागरिकों सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। यह प्रांत अधिवेशन 22, 23, 24 व 25 दिसम्बर 2024 को महारानी लक्ष्मी बाई राजकीय पैरामेडिकल कॉलेज झाँसी में संपन्न होगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। इसकी स्थापना छात्रों के हितों के लिए और उन्हें सही दिशा देने के लिए की गई थी। एबीवीपी के प्रांत अधिवेशन हर साल होते हैं। इन अधिवेशनों में पूरे प्रांत के कई ज़िलों से कार्यकर्ता शामिल होते हैं। इस अवसर पर अमित चिरवारिया, अमित साहू, आशीष अग्निहोत्री, महेश पटेरिया, रामसेवक अड़जरिया, हेमंत परिहार, रामजी परिहार, अर्पित दास, रमा निरंजन, महेश पटेरिया, कमली राजीव सिंह पारीछा, सुशांत गुप्ता, अरूण पांचाल, आशीष विश्वकर्मा, राजू सेन आदि उपस्थित रहे।

## खरीदारी करने बाइक में बैठकर जा रही वृद्धा की मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। अपनी दादी को बाइक में बिठाकर बाजार खरीदारी करने जा रहे युवक की बाइक में पीछे से डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे नाती को मामूली चोटे आई हैं। मुस्करा थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ेही लोधन निवासी मनीष कुमार पुत्र मोहन सिंह अपनी दादी विद्यारानी 61 वर्ष को अपनी बाइक में बिठाकर मुस्करा कस्बे में रविवार की बाजार में खरीदारी करने आ रहे थे। तभी बसवारी के पास पीछे से आ रहे एक डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक में पीछे बैठी उसकी दादी उछलकर नीचे गिर पड़ी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे मनीष को मामूली चोटे आई हैं। जिसका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्करा में उपचार किया जा रहा है। उप निरीक्षक राजीव साहू ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना करने वाले डंपर व चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## व्यस्त जीवनशैली मे टूटते रिश्तों को सुधारने और समाज में खुशियों की बहाली के प्रयास करे-डॉ गिरीश गुप्ता

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गोल्डन फ्यूचर ट्रस्ट और श्री गोपेश्वर गौशाला द्वारा आयोजित दो दिवसीय रिट्रीट आयोजित किया गया।गुरांग क्लिनिक एवं रिसर्च फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. गिरीश गुप्ता ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने कहा इस समय पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में संवाद और सहानुभूति की गहराई की जरूरत है। यह रिट्रीट समाज में रिश्तों को नई दिशा देने का एक सशक्त प्रयास है।रिट्रीट का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में बढ़ती खटास और तनाव को कम करने के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा करना था। यह आयोजन प्रतिभागियों को जीवन में रिश्तों की अहमियत को समझने और उन्हें बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करने के लिए किया गया।शोभित नारायण अग्रवाल ने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए संवाद और सहनशीलता पर बल दिया। डॉ. अंजलि गुप्ता वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक ने मानसिक स्वास्थ्य और रिश्तों के बीच गहरे संबंध की व्याख्या की और समाज में बढ़ती चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत किया।डॉ. मंजू गुप्ता क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट ने पारिवारिक रिश्तों में सकारात्मकता बनाए रखने के व्यावहारिक सुझाव दिए।गीता रावत ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि छोटे-छोटे मतभेदों को दूर किया जाय।कार्यक्रम में आयोजित हैप्पीनेस एक्टिविटी प्रतिभागियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस गतिविधि ने न केवल तनाव को दूर किया, बल्कि रिश्तों में नई ऊर्जा और खुशी का संचार किया। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस आयोजन को अपने जीवन में बदलाव लाने वाला बताया।रिट्रीट के समापन सत्र में कोतवाल सतीश साहू ने पारिवारिक मतभेदों और उनके समाधान पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, ₹एक सशक्त परिवार ही समाज और राष्ट्र को मजबूत बना सकता है। इस अवसर पर पंकज गुप्ता, कैवल्य गिरी महाराज, गौशाला प्रबंधक उमाकांत गुप्ता, गुप्ता सोनू सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# समर्पित एवं अनुभवी कार्यकर्ता को चुनेगी भाजपा मडंल अध्यक्ष-अवधेश पाण्डेय

### आज भाजपा मंडल के चुनाव होंगे आयोजित

अमन लेखनी समाचार



गौरीगंज, अमेठी।जनपद के सभी मंडलों में सोमवार 16 दिसम्बर को मंडल चुनाव आयोजित होंगे।पार्टी की पूरी कोशिश है कि मंडल अध्यक्ष चुनाव में सभी जाति व वर्गों समेत महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित हो। रविवार को जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय ने भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में मंडल चुनाव अधिकारियों के साथ गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक की।इस दौरान उन्होंने संगठन चुनाव की बारीकियां समझाई।

### 35से 45 वर्ष की उम्र के मंडल अध्यक्ष पद होंगे दावेदार

बताया कि 35 से 45 वर्ष की उम्र के लोग ही मंडल अध्यक्ष पद के दावेदार हो सकते है।उन्होंने कहा मंडल सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी होना चाहिए। जितनी मजबूत बूथ और मंडल5 की इकाइयां होगी उतनी ही मजबूत भाजपा होगी।मंडल अध्यक्ष पद पर पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता ही अध्यक्ष बन पाएंगे।इसके लिए अर्हता थोड़ी सख्त की गई है।मंडल अध्यक्ष के लिए पिछले दो बार का सक्रिय सदस्य होना जरूरी है। जिन्हें भी मंडल अध्यक्ष बनाया जाएगा वह पूर्व में मंडल के पदाधिकारी जरूर रहे होने चाहिए।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि मंडल अध्यक्ष के पद पर आम सहमति बनाते हुए चुनाव कराए जाएंगे।

**चुनाव में सुचिता व एंव पारदर्शिता होना जरूरी है।**

अमेठी भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा ने भी मंडल चुनाव प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।कहा चुनाव में सुचिता व पारदर्शिता जरूरी है

**इस मौके पर उपस्थित रहे**

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी एवं उमाशंकर पाण्डेय, काशी प्रसाद तिवारी ,जिला उपाध्यक्ष उपमा सरोज ,सुधाँशु शुक्ला,गिरीशचन्द्र शुक्ला,भवानी दत्त दीक्षित,,आशा बाजपेई, भागीरथी मौर्य, अशोक मौर्य,सुरेश तिवारी,राकेश त्रिपाठी, प्रभात शुक्ला,उमा रमण सिंह, उमाशंकर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## पैदल गश्त कर संदिग्धों की चेकिंग करती इलाकाई पुलिस

अमन लेखनी समाचार

अमेठी शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में, 'मिशन शक्ति' नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह द्वारा थानाक्षेत्र शिवरतनगंज एवं इन्हौना में व जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गयी।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया हुई पूरी

### हमीरपुर के सभी 12 मंडलों में मंडल अध्यक्षों के लिए गए आवेदन

### संगठन द्वारा बनाए गए चुनाव अधिकारियों की रही सराहनीय भूमिका

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर।भारतीय जनता पार्टी संगठन चुनाव पर्व के तहत चल रहे संगठन के चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत बूथ अध्यक्ष के बाद मंडल अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया चल रही थी वह आज जिला चुनाव अधिकारी कुशीनगर विधायक न पाठक सह चुनाव अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास एवं शिव प्रकाश सिंह सेंगर के नेतृत्व में जनपद हमीरपुर के सभी 12 मंडलों में पूरी हो चुकी भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने जानकारी दी की राठ विधानसभा में लगभग 20 लोगों ने 5 मंडल अध्यक्ष पद के लिए अपने अपने आवेदन किये इसी प्रकार हमीरपुर विधानसभा के सात मंडल अध्यक्ष पद के लिए लगभग 40 लोगों ने आवेदन किया जिनको संगठन के द्वारा बनाए गए चुनाव अधिकारी रामहेत राजपूत आराधना राजपूत राजेंद्र द्विवेदी हरिचरण अनुरागी प्रीतम सिंह किसान रोहित शिवहरे नरवेद्र सिंह कृष्ण कुमार व्यास सभी ने अपने-अपने मंडलों की चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई इस चुनाव प्रक्रिया को भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने सराहनीय कार्य बताया उन्होंने कहा कि यह संगठन पर्व चल रहा है जिसमें कार्यकताओं को संगठन के प्रति कर रहे लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी देने के लिए यह कार्य किया गया है ताकि सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को मेहनत एवं ईमानदारी से निभा सके और संगठन को आगे ले जाने का काम कर सके।


# रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहे युवक की मौत, दोस्त गंभीर रूप से घायल

### वेलस्पन कंपनी में कुक के पद पर था तैनात

अमन लेखनी समाचार





अमेठी में देर रात बाइक से सहयोगी को रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहे युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर में दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पीआरवी ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पूरा मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के कटरा लालगंज नयापुरवा का है, जहां देर रात जिले में जल जीवन मिशन के तहत काम कर रही वेलस्पन कंपनी में कुक के पद पर तैनात अंकित सिंह (26) और सुनील कुमार बाइक से रेलवे स्टेशन जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सुनील कुमार गुप्ता (30) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए।

**घायल का चल रहा इलाज**

घटना की जानकारी मिलते ही पीआरवी मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज वेलस्पन के अधिकारियों को सूचना दे दी है। मृतक और घायल बहराइच जिले के रहने वाले थे। घटना को लेकर गौरीगंज एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने कहा कि कंपनी के अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

# नहर के पानी ने गांव में मचाया तांडव, पटरी कटने से डूबी फसल

### पूरा गांव जल मग्न नहर विभाग के अधिकारी कर्मचारी दिखे हलाकान







अमन लेखनी समाचार

अमेठी में नहर विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई, जहां देर रात नहर की पटरी कटने से सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलमग्न हो गई। इसके साथ ही गांव में भी पानी घुसने से कई घरों में पानी घुस गया। ग्रामीणों द्वारा मामले की जानकारी नहर विभाग को दी गई, जिसके बाद आज दोपहर मौके पर पहुंची नहर विभाग की टीम ने कटान को ठीक किया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। अभी भी गांव के मुख्य मार्ग पर पानी बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूरा मामला मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के गुन्नौर उमा मिश्र गांव का है, जहां देर रात कादुनाला को जाने वाली छोटी माइनर कट गई। नहर कटने से सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलमग्न हो गई। इसके साथ ही नहर का पानी गांव में घुसने लगा, जिससे कई घर पानी की चपेट में आ गए। सुबह ग्रामीणों को जब नहर कटने की जानकारी मिली तो पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल मदद के लिए नहर विभाग के अधिकारियों को फोन किया, लेकिन किसी भी अधिकारी द्वारा फोन नहीं उठाया गया। ग्राम प्रधान और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के काफी प्रयास के बाद नहर विभाग के अधिकारियों ने फोन उठाया जिसके बाद नहर विभाग की टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

अब वो दिन नहीं रहे, जब एक देश के सैनिक, दूसरे देश के सैनिकों के सामने हाथ में हथियार लेकर जंग लड़ते थे। अब तो आधुनिक, स्वचालित हथियारों से भी एक कदम आगे बढ़ते हुए इंसान के बजाय मशीनी मानव यानी रोबोट्स और एआई बेस्ड ड्रोंस जंग में हिस्सा लेने लगे हैं। आने वाले वर्षों में कैसा होगा रोबोटिक सोल्जर्स वाले युद्धों का स्वरूप, आप जरूर जानना चाहेंगे।



# वॉर के लिए तैयार रोबोट सोल्जर

कवर स्टोरी
संजय श्रीवास्तव



हाल में आई खबरों के अनुसार यूक्रेन, रूस के साथ हो रही जंग के अपने अग्रिम मोर्चों पर दस हजार रोबो सैनिक तैनात करने जा रहा है और रूस भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। ब्रिटेन के अनुसार यूक्रेन सरीखा युद्ध, उनकी इंसानी सैनिकों की अधिकांश संख्या को छह माह में खत्म कर देगा। नतीजा होगा मशीनी सैनिकों का समावेश। यह भविष्य के युद्ध परिदृश्य को इस कदर बदल सकता है कि संघर्ष मानव और रोबोट सैनिकों के बीच होने लगेगा। ऐसा सिर्फ रूस और यूक्रेन में नहीं, दुनिया भर में मिलिट्री रोबोट, युद्धक ड्रोन या रोबोट खच्चर जैसे किसी ना किसी तौर पर काम कर रहे हैं और उनकी होड़ बेतहाशा बढ़ रही है। साथ ही उसका बाजार भी बढ़ता जाएगा।

**बन गए हैं आज की जरूरत:** यूक्रेन ने इंसानी सेना में भर्ती की न्यूनतम उम्र 25 से घटाकर 18 वर्ष कर दी है। उसके बावजूद सैनिकों की कमी बनी रही तो उसने अग्रिम मोर्चों पर दस हजार सैन्य रोबोट इस्तेमाल करने का फैसला लिया है। रूस भी सैनिकों की कमी से बुरी तरह जूझ रहा है, उसने भी संकेत दिए हैं कि वह भी ऐसा ही करेगा। लंबे संघर्ष में जैसे-जैसे नुकसान और थकावट बढ़ती जा रही है, दोनों पक्ष इंसानों की जगह मशीनें इस्तेमाल करने की बात कर रहे हैं। बेशक दीर्घकालिक युद्ध के दौरान भारी सैन्य शक्ति खोना पड़े तो ऐसी स्थिति स्वाभाविक है। आखिर हथियार तो जल्द निर्मित किए और खरीदे जा सकते हैं, लेकिन कुशल और प्रशिक्षित सैनिक तो इतने जल्दी तैयार नहीं हो सकते तो जाहिर है, मशीनी सैनिक की जरूरत होगी। एक और स्थिति है, यदि कोई सेना भिन्न दिशाओं और सीमाओं पर एक साथ कई मोर्चे खोल ले तो उसे भी तत्काल तैनाती के लिए मशीनी सैन्य सहायता पर निर्भर होना होगा। फिर आधुनिक युद्ध प्रणाली जिसमें आमने-सामने की जंग लड़ने की बजाय दूर बैठे साइबर, डिजिटल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता संपन्न तकनीक युद्ध का चलन हो, उसमें इस दौर का आना और मौजूदा प्रवृत्ति का बढ़ना स्वाभाविक है।

**बढ़ेगी रोबो सोल्जर्स की संख्या:** विगत दिनों नीदरलैंड में एक शिखर सम्मेलन के दौरान 80 देशों ने सैन्य अभियानों में इस तरह की सहायता पर चर्चा की, जिसमें से 60 देशों ने युद्ध के मैदान में एआई के इस्तेमाल के लिए हामी भरी। निस्संदेह आने वाले वर्षों में स्वचालन या ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त रोबोट, वॉर एरिया इनोवेशन का मुख्य केंद्र होंगे। इसी साल प्रकाशित स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट बताती है कि कुछ सालों में मिलिट्री रोबोट के बाजार में अभूतपूर्व तेजी आई है। यूक्रेन और रूस दोनों इस वर्ष लगभग 2 मिलियन ड्रोन बनाने की योजना बना रहे हैं। अकेले यूक्रेन में ही 160 से अधिक कंपनियां मानव रहित जमीनी वाहन बना रही हैं, जो युद्ध के दौरान सैन्य आपूर्ति पहुंचाने, घायलों को जंग के मैदान से निकालने या दूर से संचालित मशीन गन को ढोने के काम आ सकती हैं।

**फलेगा-फूलेगा रोबोट बाजार:** वैश्विक सैन्य रोबोट बाजार का आकार, जो 2024 में 24 अरब अमेरिकी डॉलर से पार जा रहा है, वह 2034 तक तकरीबन 7 फीसद सालाना की दर से बढ़कर 45 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। सबसे तेज बढ़ेगी अमेरिकी सैन्य रोबोट के बाजार की हिस्सेदारी, जो लगभग 50 फीसद होगी। कई मोर्चों पर और लंबी लड़ाइयां चलेंगी तो अमेरिकी बाजार खूब फलेगा-फूलेगा। ऐसी परिस्थितियों में रूस और यूक्रेन ने जो संकेत दिए हैं, वह आधुनिक युद्ध में एआई और रोबोट के इस्तेमाल के उस संक्रमण काल की ओर इशारा है, जिसका भविष्य अत्यंत विध्वंसक और विनाशकारी दिखता है।

**कई तरह से होंगे सहायक:** यूक्रेन और रूस जिस तरह के सैन्य रोबोट की तैनाती करने जा रहा है, वो सैन्य सहायता वाले हैं। जैसे- रसद और हथियारों की आपूर्ति के लिए या शत्रु सेना की टोह लेने का काम करेंगे। अभी तक दुनिया भर के अनेक देशों के सैन्य विभाग बचाव, हमला और निरीक्षण करने के लिए युद्ध के मैदानों पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता युक्त रोबोटिक प्रणालियों को (ड्रोन, ग्राउंड रोबोट, इलेक्ट्रिक युद्धक विमान आदि) इस्तेमाल कर रहे हैं। सेनाओं का आकलन है कि फ्रंटलाइन पर इनके इस्तेमाल के काफी बेहतर परिणाम मिले हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में कुछ खास ड्रोन, इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। प्रमुख देशों की सेनाओं द्वारा रक्षा आधुनिकीकरण कार्यक्रमों में बढ़ता निवेश और बेहिसाब वित्तपोषण इस बात की ओर संकेत कर रहा है कि वे मिलिट्री रोबोट की आधुनिकीकरण प्रक्रिया के तहत उनकी क्षमताओं, तत्परता और संचालन प्रभावशीलता में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए जटिल रोबोटिक समाधानों को अपनाने की ओर तेजी से बढ़ रही हैं।

अब सैन्य रोबोट बाजार में लगातार बड़ी बढ़त देखी जाने वाली है और शीघ्र ही युद्ध मैदान और दूसरे सैन्य आवश्यकताओं की पूर्ति में तरह-तरह के रोबोट शामिल होंगे ताकि विरोधियों पर तकनीकी बढ़त बनाए रखा जाए। यह होड़ यहां तक पहुंच सकती है कि जल्द ही अग्रिम मोर्चों पर ऐसे सैन्य रोबोट दिखें, जो मानवीकृत हों, युद्धक सैनिकों को प्रतिस्थापित कर खुद ही हथियार संभाले जंग लड़ रहे हों। मोर्चे पर मानव गनर की जगह लेने वाला ऐसा उत्पाद, जिसे जंगी जोखिम से दूर बैठकर एक स्क्रीन के जरिए संचालित किया जा सके, बनाया भी जा चुका है।

**हो सकते हैं कुछ रिस्क:** इतने फायदों के साथ ही रोबोट्स और ड्रोंस का युद्धों में ज्यादा यूज करना रिस्की भी हो सकता है। विरोधियों द्वारा एआई नेटवर्क को हैक करके उसमें हेर-फेर किए जाने की भी भरपूर आशंका है। ऐसे में ना सिर्फ संवेदनशील जानकारी चुराई जा सकती है, खुद अपने पक्ष का नुकसान भी हो सकता है। रोबोट सैनिक द्वारा एक गलत फैसला दो देशों की तटस्थ स्थिति को युद्ध में बदल सकती है। एक और समस्या इसकी अनिश्चितता है कि तकनीकी गड़बड़ी से कुछ गलत होता है, तो यह निर्धारित करना मुश्किल हो सकता है कि कौन जिम्मेदार है, मशीन या उसको नियंत्रित करने वाला?

बावजूद इसके इससे लाभ और कम लागत को देखते हुए तय है कि इसे सेनाएं बड़ी संख्या में तैनात करेंगी। व्यवस्था यह है कि एक कुशल सैन्य अधिकारी डेटा और सूचनाओं के आधार पर यह फैसला ले कि मिलिट्री रोबोट हमला करे कि नहीं लेकिन घटिया क्षमता वाले सेंसर, एआई के दोषपूर्ण लॉजिक या पूर्वनियत कमांडर्स और कुछ दूसरी मशीनी विसंगतियां, रोबोट को मनुष्य से पहले फैसला लेने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। मार्च 2020 में लीबिया में गृहयुद्ध के दौरान कामिकाजी क्वाडकॉप्टर ड्रोन ने बिना किसी के आदेश दिए ही खुद ट्रकों में विस्फोटक सूंघा, खतरा भांपा और लीबियन नेशनल आर्मी के ट्रकों के बेड़े में से अधिकांश को उड़ा दिया था। सब कुछ मशीन के हाथ चला गया तो वे मनुष्यों को तेजी से अग्रिम पंक्तियों से दूर कर देंगे। नतीजा यह हो सकता है कि भविष्य में युद्ध रोबोटों के बीच लड़े जाएंगे और युद्ध की नैतिकता ताक पर होगी। *





## भारतीय सेना भी हो रही तैयार

भारतीय सेना ने भी रोबोटिक डॉग म्यूल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बने रोबोट, लॉजिस्टिक्स ड्रोन जैसे कई तरह के मिलिट्री रोबोट बनाए हैं, जिनसे युद्धक सहायता, विस्फोटकों को निष्क्रिय करने, खुफिया निगरानी और टोह, माइन लाइन क्लीयरेंस, लॉजिस्टिक्स जैसे कई तरह के काम ले रही है। चीन, पाकिस्तान और हाल में बांग्लादेश से आशंकित रक्षा चुनौतियों में कई मोर्चे खुलने के मद्देनजर अपने देश की सुरक्षा के लिए ऐसा करना जरूर हो गया है। गृहमंत्री ने बताया है कि डीआरडीओ, एंटीड्रोन गन माउंट प्रणाली बना रहा है।



## आज की अनिवार्य आवश्यकता हैं रोबोट्स

इसमें संदेह नहीं कि भविष्य में मिलिट्री रोबोट्स का इस्तेमाल अनिवार्य आवश्यकता है। सैनिक लंबे संघर्ष में थक सकते हैं, जो उनके श्रम शक्ति, संघर्ष और सटीक निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करेगा, उनका फोकस बिगड़ेगा और प्रदर्शन भी। मानवीय त्रुटि से मिशन की सफलता प्रभावित हो सकती है, वे घायल हो सकते हैं और उनकी जान भी जा सकती है। बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय करने या ऐसे दूसरे जोखिम भरे काम रोबोट को सौंपने से सेना को जान-माल का बहुत लाभ होगा। सेंसर युक्त रोबोट ज्यादा से ज्यादा डेटा का त्वरित और सटीक विश्लेषण करके विरोधियों और उनकी रणनीति को बेहतर तरीके से भांपने में मददगार होंगे तो युद्ध में हमले की बेहतर तैयारी कर सकते हैं और सुरक्षित-त्रुटिहीन निर्णय ले सकते हैं। साथ ही, इनके अन्य विकल्पों को आवश्यक उपकरण, हथियार वगैरह ले जाने से युद्ध में सफलता की संभावना बढ़ जाएगी।



गीत
विनोद श्रीवास्तव



## कोई क्षमा नहीं

कुछ भूलें ऐसी होती हैं
जिनकी कोई भी क्षमा नहीं।
भूलें फिर भी हो ही जातीं
दुनिया भ्रम को अपना लेती
बंजर ही बंजर धरती जो
करना चाहे उसमें खेती।
ऐसे बादल से क्या होगा
जिसके घर में जल जमा नहीं।
जिसको भी अपनाना चाहो
उसकी अपनी मजबूरी है
निश्चित दूरी के बाद लौटना
सबके लिए जरूरी है।
सुंदर चेहरे पर दाग न हो
इतना पावन चंद्रमा नहीं।
उम्मीदें तोड़ दिया करतीं
उत्साह भरी इच्छाओं को
ज्यादा कुछ कहने-सुनने से
बल मिलता है चर्चाओं को।
मन का रहस्य जो छिपा सके
ऐसी कोई भंगिमा नहीं।

लघुकथाएं

## जीवन की नई पारी



सहदेव जी अपनी सरकारी नौकरी के अंतिम पड़ाव पर आ गए थे। पटवारी की नौकरी पर प्रथम नियुक्ति के बाद अब वह पदोन्नत होकर नायब तहसीलदार बन चुके थे। एक बेटा और एक बेटी अपने पैरों पर खड़े हो गए थे। दोनों ही विवाहोपरांत अपनी गृहस्थी में व्यस्त थे। बचपन से गुनगुनाने के शौकीन सहदेव जी को अपने व्यस्त जीवन में गायन के शौक को निखारने और प्रदर्शित करने का अवसर कम ही मिल पाता था। उन्हें जब भी जो भी सुनता, उनके सुरीले गले की तारीफ जरूर करता। सहदेव जी हर वर्ष इक्का-दुक्का समारोह में अपनी गायन कला के प्रदर्शन का मौका पा जाते थे। वह अपने पसंदीदा गायक तलत महमूद के गीत गाने का प्रयास करते। सेवानिवृत्ति वाले दिन उद्बोधन से पूर्व उनसे एक गाना सुनाने की फरमाइश की गई तो उन्होंने 'ऐ मेरे दिल तू कहीं और चल..' सुनाकर उपस्थित लोगों की आंखों में आंसू भर दिए।

सहदेव जी को साठ बरस की उम्र तक लगातार कुछ ना कुछ प्रयोजन से गुजरता दिन अचानक सेवानिवृत्त होते ही बेमकसद सा लगने लगा। खाली बैठे मन नहीं लगता, चौबीस घंटे का दिन गुजारना भारी लगने लगा। सुबह-शाम टहलने जाना, घर के कुछ काम, फोन पर लोगों से बातचीत, इसके बाद भी एक खालीपन पीछा नहीं छोड़ता। गुनगुनाते तो वह रहते पर झिझक उन्हें खुलकर गाने से रोकती। पत्नी की सलाह पर सहदेव जी दिन में एक घंटा गाने का रियाज करने लगे, जिसका सकारात्मक असर उनके तन और मन दोनों पर होने लगा। अब वह प्रसन्न और ऊर्जावान रहते। कभी-कभी किसी गोष्ठी में बैठने का अवसर बनता तो रियाज से हो रहे सुधार का आकलन कर लेते।

दिन ठीक-ठाक गुजर रहे थे फिर भी सहदेव जी के मन में कुछ खटकता रहता। मन कुछ और करने के लिए मचलता। वह कुछ और करना चाह रहे थे। ऐसा कुछ जो सिर्फ अपने को ही सुख ना दे, दूसरों के लिए भी काम आ सके। विचार मंथन से उन्हें कुछ सूझा, अपने इकसठवें जन्मदिन पर वह सुबह ही घर से निकल गए। बाजार से एक छोटा माइक और ब्ल्यू टूथ स्पीकर खरीदा। एक व्यस्त मॉल के लॉन में बैठकर गाना शुरू कर दिया। गाने से पूर्व अपने आगे एक प्लास्टिक का डब्बा दानपात्र के रूप में रख दिया। 'शामे, गम की कसम, आज गमगीन हैं हम..' गीत की पहली प्रस्तुति ने ही लोगों को अपना ध्यान उनकी ओर खींचने को मजबूर कर दिया। एक घंटे वह गाने गाते रहे। लोग आते-जाते कुछ देर ठहर कर उनको आश्चर्य से देखते और गाना सुनते, कुछ दानपात्र में डाल देते। एक घंटे में उनके दानपात्र में नौ सौ रुपए जमा हो गए थे। वह उन रुपए को लेकर उठे और बाजार से कुछ हरा चारा लिया और कुछ केले खरीदे। आवारा घूमते गौवंश को पहले उन्होंने चारा खिलाया फिर बंदरों की टोली को केले खिलाए। यह सब करते कब शाम गई, उन्हें समय का कुछ पता ही नहीं चला। घर पर पंहुचे तो पूरा परिवार उनके जन्मदिन को मनाने के लिए जमा था। केक काटते समय उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही थी कि एक सार्थक दिन गुजारने के बाद वह वाकई इस जश्न के हकदार हैं। बासठवें वर्ष के प्रवेश से जो सिलसिला उन्होंने शुरू किया, वह फिर नहीं रुका।

अब प्रतिदिन सहदेव जी अपनी कार लेकर निकल जाते। किसी भी भीड़-भाड़ वाली जगह पर दो-तीन घंटे बैठकर गाते, जो भी दानपात्र में प्राप्त होता, उसे असहायों, गरीबों, बंदरों, गाय-बैलों, कुत्तों की जरूरत की पूर्ति में व्यय कर देते। उनसे प्रेरित होकर दो और वृद्ध, गिटार और ढोलक लेकर संगत करने आने लगे और पुण्य हवन में आहुति का लाभ पाकर अपने आपको धन्य समझते। सहदेव जी के पास ना अब खाली समय था ना खालीपन। जीवन की यह नई पारी का काज अब तक किए सभी कार्य से श्रेयस्कर जो लगने लगा था। *

-संदीप पांडे 'शिष्य'

## मौलिकता



पहाड़ से गिर रही नदी की धारा पर ताना मारते हुए पहाड़ के शिलाखंड आपस में वार्तालाप कर रहे थे, 'इन जलराशियों की किस्मत भी अजीब है! ना तो इनकी अपनी कोई मौलिकता है, ना ही कोई उद्देश्य! जिस बड़ी धार में ये मिल जाएं, उसी के साथ हो लेती हैं।'

पहले शिलाखंड की बात का समर्थन करते हुए दूसरा चट्टान खंड बोला, 'सच कह रहे हो भाई, इससे तो अच्छे हम हैं, जो एक जगह स्थिर भी रहते हैं और अपनी कठोर मौलिकता और स्थायित्व कायम रखते हैं। जलधारा ना हुई मानो बिन पेंदे वाला लोटा हो गई...!'

उसकी बातें सुनकर सभी शिलाखंड ठठाकर हंस पड़े। चट्टानों की बातें सुनकर ऊपर से गिर रही जल की धार ने कहा, 'बंधु, गतिशीलता हमारा गुण धर्म है, हम हर हाल में प्रवाहित होकर निरंतरता और मौलिकता को कायम रखते हैं, साथ ही बड़ी जल राशि, नदी या समुद्र से मिलना हमारा उद्देश्य होता है। यदि समुद्र या नदी से नहीं मिल सकें तो भी किसानों के खेत या जीव-जंतुओं के प्यास बुझाने के काम तो आ ही जाते हैं, जबकि तुम चट्टानों की मौलिक पहचान स्थिर है। किंतु हमारे प्रवाह मार्ग में आने वाली लघु से लेकर विशाल शिलाखंड भी हमारी तीव्र धार से घिस-घिसकर हमारे संग गतिशील होकर अपनी मौलिकता खोते ही हैं, साथ ही हमें रोकने के उद्देश्य में भी विफल हो जाते हैं।'

जल राशि का जवाब सुन चट्टानों के बीच खामोशी सी छा गई। चारों ओर सिर्फ पहाड़ से गिर रही जलधारा का ही शोर सुनाई दे रहा था। *

-विनोद कुमार विक्की

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## वर्तमान कहानियों का मूल्यांकन

कई वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रही पत्रिका 'बनास जन' सामान्य अंकों के साथ अपने विशेषांकों के लिए विशेष रूप से जानी जाती है। कुछ समय पूर्व इसका एक विशेषांक 'कहानी का वर्तमान' शीर्षक से प्रकाशित हुआ है। इसमें हाल के वर्षों में प्रकाशित लगभग दो दर्जन कथा संग्रहों पर लिखे गए समीक्षात्मक लेख संकलित किए गए हैं।

यहां ममता कालिया (दो गज की दूरी), सुधांशु गुप्त (तेरहवां महीना), सुभाष पंत (लेकिन वह फाइल बंद हो चुकी है) और मीरा कांत (ताले में शहर) जैसे वरिष्ठ कथाकारों के हाल में प्रकाशित कथा संग्रहों की समीक्षाओं के साथ ही इनसे युवतर पीढ़ी के कथाकार जैसे प्रभात रंजन (एक्स वाई का जेड), मनोज रूपड़ा (दहन), मोहम्मद आरिफ (चूक), सोनी पांडेय (मोहपाश) और सारा राय (नबीला और अन्य कहानियां) कहानी संग्रहों पर भी विस्तार से बात की गई है।




कहा जा सकता है कि इन समीक्षाओं से गुजरते हुए हम ना केवल वर्तमान दौर में लिखी जा रही कहानियों के कलेवर और तेवर से रूबरू हो सकते हैं, साथ ही तेजी से बदलते समाज, उसकी मानसिकता और उसके चीन्हे-अनचीन्हे द्वंद्व को भी आलोचकीय दृष्टि से समझ सकते हैं। *

**पत्रिका:** बनास जन-60 (कहानी का वर्तमान), **संपादक:** पल्लव, **मूल्य:** 40 रुपए, **प्रकाशन संपर्क:** शालीमार बाग, नई दिल्ली